हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार, 30 मार्च 2025

12 बैंकों को कलेक्टर ने टार्गेट पूरा करने के दिए निर्देश



13 डॉयरेक्टर ने निगम आयुक्तों, महापौर सहित एमआईसी मेंबरों से लिया ब्यौरा








अवतार मरकाम हत्याकांड

# इंदर ढाबा में हर रोज देर रात तक होती है नशाखोरी



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

पुरानी रंजिश को सुलझाने की बात कहकर हिस्ट्रीशीटर तपन सरकार के भांजे सोना उर्फ आकाश मजूमदार ने मृतक अवतार मरकाम को फोन कर बुलाया। इसके बाद अवतार को ढाबे के पास ले जाकर आरोपियों ने चाकू से गोदकर उसे मौत के घाट उतार दिया। खबर लगने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अस्पताल पीएम के लिए पहुंचाया। आरोपियों की तलाश की जा रही है। बता दें कि चिखली स्थित इंदर ढाबा में हर दिन देर रात तक अवैध रूप से नशाखोरी हो रही है। ढाबे में रात 2 बजे तक शराब पिलाने की अनुमति दी जा रही है। इसके कारण आए दिन विवाद भी हो रहा है। बावजूद इसके पुलिस ने कभी भी गंभीरता से नहीं लिया, जिसके कारण हत्या जैसी घटना सामने आई। हत्याकांड में पुलिस ने कुछ संदिग्ध को पकड़कर पूछताछ कर रही है। इसका खुलासा रविवार को पुलिस करेगी। जेवरा पुलिस ने बताया कि शुक्रवार रात सिकोला भाठा दुर्ग निवासी अवतार मरकाम 35 वर्ष को आकाश उर्फ सोना मजूमदार ने पुरानी रंजिश सुलझाने का झांसा देकर अपने पास बुलाया। इस दौरान कार सीजी 04 एचबी 4895 में चिखली स्थित इंदर ढाबा में पहले से चार-पांच नकाबपोश युवक बैठे थे। बियर की पार्टी होने के बाद जैसे बॉटल खत्म हुई। पहला वार अवतार के सिर पर पीछे से किया गया। सिर पर अवतार को चोट लगने से वह अधमरा हो गया। उसके बाद आधा दर्जन युवक चाकूओं से अवतार के शरीर के विभिन्न हिस्सों में वार कर मौत के घाट उतार दिया। घटना में अवतार के गले, सीने और कान के पास चाकू से मारने के निशान मिले हैं। घटना को अंजाम देकर मौके से आकाश मजूमदार उर्फ सोना, अंकित सिंह, दीपक ठाकुर, हीरालाल निषाद समेत अन्य युवक फरार हो गए। मामले में पुलिस हिस्ट्रीशीटर तपन सरकार के भांजे आकाश उर्फ सोना मजूमदार और उसके साथियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पीएम के बाद शव को अवतार के घर लेकर जाया गया है। जहां सुरक्षा लिहाज से फोर्स को तैनात किया गया है। रविवार को अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### हत्या का प्लान पहले से

बताया जा रहा है कि बदमाश अवतार मरकाम मोहन नगर थाना के बदमाश लिस्ट में है। जिस ढाबे में अवतार को ले जाया गया था, वहां बैठकर शराब पीने की सारी सुविधा उपलब्ध है। आबकारी विभाग ने सरकारी शराब दुकान के पास ही चखना सेंटर खोला है। जहां बैठकर लोग शराब पी सकते हैं। इसके अलावा अन्य ढाबा, होटल या सार्वजनिक स्थान में शराब पीना अपराध है। इसके बाद भी ढाबे में खुलेआम शराब पिलाई जा रही है। पूर्व में भी इंदर ढाबा में भी शराब पार्टी के बाद विवाद की स्थिति निर्मित हो चुकी है। अवतार की हत्या का प्लान पहले से चल रहा था। मौके मिलते ही रंजिश के चलते उसे रास्ते से हटा दिया गया।

### ढाबे वाले ने किया गुमराह

मिली जानकारी के मुताबिक चिखली स्थित इंदर ढाबा के सामने अवतार मरकाम की हत्या की गई लेकिन जब पुलिस मौके पर पहुंची तो घटनास्थल नहीं बताया जा रहा था। जबकि पुलिस जहां पर खड़ी थी वहीं घटनास्थल था। करीब एक घंटे बाद हत्याकांड की जानकारी पुलिस को मिली। खबर लगते ही पुलिस तुरंत पहुंची और पतासाजी में जुट गई। देर रात संदिग्ध युवकों को पूछताछ के लिए थाने लाया गया है। जेवरा सिरसा पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। इधर परिजनों को घटना की जानकारी लगने पर शनिवार की सुबह चौकी पहुंचकर आरोपियों को पकड़कर सजा देने की मांग करते रहे।

### संदिग्धों से पूछताछ जारी, कुछ हिरासत में

संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। घटना का खुलासा जल्द किया जाएगा। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। आसपास के सीसी कैमरों को भी खंगाला जा रहा है।
सुखनंदन राठौर, एएसपी दुर्ग

## माता कर्मा जयंती पर सम्मान समारोह आज

**भिलाई।** साहू मित्र सभा द्वारा भक्त माता कर्मा जयंती व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 30 मार्च को सुबह 10 बजे साहू सांस्कृतिक सदन सुपेला में किया गया है। सुबह 10.30 बजे भक्त माता कर्मा की आरती के बाद कलश शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इस अवसर पर पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, साहू संघ के अध्यक्ष हरिद्वारिका साहू, प्रदेशाध्यक्ष टहल सिंह साहू, सांसद विजय बघेल, मुख्य सलाहकार रमेश साहू, महापौर नीरज पाल, दीपक ताराचंद साहू, श्रद्धा पुरेन्द्र साहू, विजय साहू, तुलसी साहू शामिल होंगे।

## सह.उपभोक्ता भंडार का निर्वाचन कार्यक्रम जारी

भिलाई। महामाया प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भंडार मर्यादित अमेरी, पं. क्रमांक 3036 जिला दुर्ग के रिटर्निंग अधिकारी भूपेन्द्र चन्द्रवंशी ने निर्वाचन कार्यक्रम एवं साधारण सम्मेलन की सूचना 25 मार्च को जारी किया। निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार 2 अप्रैल को नामांकन पत्रों की प्राप्ति एवं नामांकन पत्रों की जांच होगी। 3 अप्रैल को नाम वापसी पश्चात चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन एवं चुनाव चिन्हों का आवंटन किया जाएगा। 9 अप्रैल को संस्था की विशेष साधारण सम्मेलन में चुनाव मतदान द्वारा किया जाएगा। मतदान के आधे घण्टे पश्चात मतगणना की जाएगी।

## गांजा बेचने वाले छह युवक गिरफ्तार



**भिलाई।** अवैध रुप से गांजा तस्करी करने वाले 6 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जूर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्रीन चौक दुर्ग युवक महेश नागवंशी, नितेश साहू, दुर्गेश यादव, विकास उर्फ लाशा यादव, आकाश यादव, कृष्णा उर्फ कान्हा नागवंशी अवैध रुप से गांजा रखकर उसे बेच रहे थे। पुलिस टीम गंजमंडी सिकोला भाठा पहुंचकर दबिश दिया। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ लिया। आरोपियों से पुलिस ने 3.195 किलो गांजा जब्त किया है। जिसकी कीमत 32 हजार रुपए आंकी गई है। नगदी रकम 1 हजार जब्त किया है।

## पूर्ण शराबबंदी को लेकर आज धरना प्रदर्शन

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ी समाज द्वारा छत्तीसगढ़ में पूर्ण शराब बंदी की मांग को लेकर जोहार चौक रिसाली में 30 मार्च को दोपहर 2 से 5 बजे तक धरना प्रदर्शन किया जाएगा। छत्तीसगढ़ी महिला संघ के तत्वावधान में आयोजित इस प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन देंगे। अध्यक्ष प्रेमलता देशमुख ने यह जानकारी दी।

## लूटपाट करने वाले तीन अपचारी बालक गिरफ्तार

**भिलाई।** लूट के एक मामले में पुलिस ने तीन अपचारी बालको को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 309(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। घटना का खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि जयराम नगर थाना मस्तुरी जिला बिलासपुर निवासी लव कुमार जांगडे 27 मार्च को ओएलएक्स एप मे गाडी बेचने का विज्ञापन देखकर खरीदने मैसेज किया। अपतारी बालकों से बाइक खरीदने को लेकर 80 हजार रुपए में सौदा तय हुआ। वाहन खरीदने के लिए पीड़ित बिलासपुर से दुर्ग रेल्वे स्टेशन पहुंचा। पूर्व मे बात किये मोबाईल नंबर से पीाड़ित बात कर रेल्वे स्टेशन पहुंचा। थोडी देर बाद एक बालक बाइक से लेने पीड़ित के पास आया। उसे साथ में वाहन में बिठाकर लेकर गया। पान ठेला मे सिगरेट लिया उसके बाद नहर किनारे जातक सिगरेट पीने लगा। थोडे देर बाद दो बालक मौके पर पहुंचे और हाथ में चाकू रखा हुआ था। एक बालक ने पीड़ित के गले को पकड़ लिया फिर पेट में चाकू टिकाया। तीसरे से जेब से 80 हजार लूट लिए।



## खबर संक्षेप



### सम्मान समारोह 28 को

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन की बैठक आशीष नगर पश्चिम रिसाली भिलाई में हुई। जिसमें 28 अप्रैल को होने वाली समरसता एवं सम्मान समारोह की तैयारी हेतु विभिन्न विषयों पर चर्चा कर सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक में सर्व सम्मति से श्रीमति सुमन देवांगन को छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन का प्रदेश महिला प्रकोष्ठ का संयोजक नियुक्त किया गया। उपाध्यक्ष गण संत कुमार केसकर, घनश्याम देवांगन, अनुरूप साहू, लखन लाल साहू आदि मौजूद रहे।

### पदाधिकारियों ने खाद्यमंत्री से की भेंट



**दुर्ग।** केंद्रीय गोंडवाना समाज धमधागढ़ के महासचिव और आदिवासी गोंड समाज राजनादगांव के जिला अध्यक्ष नीलकंठ गढ़े, सलाहकार सीताराम ठाकुर ने खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल से सौजन्य भेंट की। उन्होंने राजनादगांव में शहीद वीर रामाधीन शहादत दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की आसंदी से घोषित सामाजिक भवन के उन्नयन के लिए दस लाख की घोषित राशि के अनुपलब्ध स्थिति पर ध्यानाकर्षण करते हुए चर्चा की। इस अवसर पर जीवनदीप समिति के सदस्य दिलीप ठाकुर मौजूद थे।

### लापरवाही : सोसायटी में धान सूखने के बाद संग्रहण में हो रही दुर्गति

# सोसायटी से उठाए गए धान को संग्रहण में सुखाने का खेल

**पिछले साल सोसायटियों से मिलरों ने किया था सीधे मिलिंग के लिए उठाव**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

धान खरीदी नीति के तहत तत्कालीन सरकार द्वारा सोसायटियों से सीधे मिलरों को कस्टम मिलिंग के लिए धान जारी किया गया था। जिसके चलते पिछले पांच साल से संग्रहण केन्द्र में ताले लगे थे। लेकिन इस बार फिर संग्रहण केन्द्र खोल दिया गया हैं। दुर्ग, बेमेतरा और बालोद के सोसायटियों से उठाए गए धान को संग्रहण केन्द्र में सूखाने का खेल शुरू हो गया हैं। सोसायटी से मिलरों को धान देने के बजाय संग्रहण केन्द्र में डंप किया जा रहा हैं।

मिलर कस्टम मिलिंग करने में रूचि नही दिखा रहे हैं। जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक के अधीन दुर्ग, बेमेतरा और बालोद जिले में किसानों से खरीदे गए धान का अब तक मिलरों ने नही उठाया हैं। दुर्ग के संग्रहण केन्द्रों में जहां पांच लाख क्विंटल से अधिक धान जाम हैं। वही बेमेतरा के संग्रहण केन्द्रों में 22 लाख 47 हजार क्विंटल से अधिक धान रखे गए है। इसी तरह बालोद जिले में 26 लाख 22 हजार क्विंटल से अधिक धान संग्रहण केन्द्र में रखा गया हैं। सोसायटी से धान का उठाव किए जाने के बाद इसे संग्रहण में रखा गया है। लेकिन अब तक मिलरों ने नही उठाया हैं।

**खास बातें**

- सोसायटी से संग्रहण में धान रखने का अतिरिक्त खर्च
- ट्रांसपोर्टिंग के नाम पर फूंक रहे लाखों
- मिलर उठाव से कर रहे परहेज
- सोसायटी से ट्रांसपोर्टरों ने लाया संग्रहण केंद्र



### सोसायटी में शिकंजा, संग्रहण में सूखत का खेल

राज्य शासन द्वारा सोसायटी में सूखत मान्य नही किया गया हैं। सूत्रों ने बताया कि, मार्कफेड के संग्रहण में एक से डेढ फीसदी प्रति क्विंटल सूखत मान्य है। जिसका फायदा उठाकर विपणन संघ (मार्कफेड) द्वारा समय पर उठाव नही कर सूखत का खेल खेला जा रहा हैं। सोसायटी प्रबंधको की माने तो इस बार प्रति बोरे में तीन किलो तक सूखत आया है। लेकिन सोसायटी में सूखत मान्य नही होने के कारण धान खरीदी के कमीशन राशि में इसे कांटकर भेजा गया हैं।

### सोसायटी से भी उठाव नहीं, चूहे चट कर रहे

जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक के सीईओ एसके जोशी ने बताया कि, दुर्ग जिले का धान लगभग उठ चुका है। बालोद में छः हजार टन और बेमेतरा में दस हजार टन धान का उठाव बाकी हे। उन्होने बताया कि, मार्कफेड को लगातार धान उठाव करने पत्र लिखा जा रहा हैं। दुर्ग जिले में 57 लाख 61 हजार क्विंटल धान की खरीदी हुई थी। जिसमें से 51 लाख क्विटल का उठाव हो चुका है, शेष पांच लाख क्विंटल संग्रहण में रखे गए हैं। सोसायटी में चूहे धान का चट कर रहे हैं, वही चौकीदार के भरोसे करोडों का धान रखा गया हैं।

### संग्रहण केन्द्र में आधे से ज्यादा धान डंप

जानकारी अनुसार दुर्ग में 57 लाख क्विंटल की खरीदी हुई थी। जिसमें पांच लाख क्विंटल संग्रहण केन्द्र में है, वही शेष मिलरों ने उठा लिया। बेमेतरा जिले में 93 लाख क्विंटल खरीदी हुई, जिसमें 22 लाख 47 हजार क्विंटल संग्रहण में डंप है। इसी तरह बालोद में 75 लाख 65 हजार क्विंटल खरीदी हुई। इसमें 26 लाख 22 हजार क्विंटल संग्रहण में हैं। राज्य शासन द्वारा पूर्व में इस बार के धान को नीलाम करने की योजना बनाई थी। लेकिन अब तक कोई निर्देश जारी नही की गई हैं।

# बैंकों को कलेक्टर ने टार्गेट पूरा करने के दिए निर्देश




हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कलेक्टरअभिजीत सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति डीएलसीसी एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति डीएलआरसी की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कृषि, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग, शिक्षा, आवास, सामाजिक अवसंरचना, नवीकरणीय ऊर्जा जैसे प्रमुख क्षेत्रों में लक्ष्य प्राप्ति पर भी विचार हुआ। विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। बैंकों का साख जमा अनुपात, बीमा योजनाओं के तहत लाभार्थियों को राशि का वितरण और ग्रामीण क्षेत्रों में ऋण आवेदनों की स्थिति पर चर्चा हुई। कलेक्टर ने बैंकों को विभिन्न क्षेत्रों में लक्ष्यों को पूरा करने के लिए कड़े निर्देश दिए और खासतौर पर लंबित ऋण प्रकरणों के शीघ्र समाधान पर जोर दिया। इसके अलावा मछली पालन और अन्य विभागों में लंबित आवेदन मामलों को प्राथमिकता देने की बात की गई।

- विभिन्न विभागों के लक्ष्यों की समीक्षा की गई

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजनाओं के तहत दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र में 96 बीमा केस बैंकों द्वारा बीमा कंपनियों को प्रेषित किए गए जिनमें से 67 के क्लेम को मंजूरी दी गई और 2 लाख रुपये की राशि नॉमिनी के खाते में हस्तांतरित की गई। कलेक्टर ने इन योजनाओं के तहत दस नॉमिनी को बीमा राशि का प्रतीकात्मक चेक सौंपा।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत लंबित ऋण आवेदनों पर चर्चा की गई। जिला पंचायत डीपीएम सागर पंसारी ने जानकारी दी कि बैंकों में लंबित समूह ऋण प्रकरणों को शीघ्र वितरण करने के निर्देश दिए गए। रिजर्व बैंक और कलेक्टर ने सभी बैंकों को लक्ष्य पूरा करने की दिशा में तत्परता से काम करने की सलाह दी।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे, भारतीय रिजर्व बैंक रायपुर प्रबंधक नवीन तिवारी सहित सभी बैंकों के अधिकारी एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### लंबित प्रकरणों को निपटाने के निर्देश

जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक साइमन इक्का ने बताया कि जिले को 130 का लक्ष्य मिला था, जिसमें से 97 प्रकरणों को बैंकों द्वारा स्वीकृत किया गया है, जबकि 51 प्रकरण लंबित हैं। मछली पालन विभाग और अन्य विभागों ने भी लंबित आवेदन मामलों के बारे में जानकारी दी। कलेक्टर ने इन लंबित प्रकरणों को शीघ्र निपटाने के लिए संबंधित बैंकों को निर्देशित किया। अग्रणी बैंक प्रबंधक पीवीआरएस प्रकाश राव ने भी सभी बैंकों को लक्ष्यों को जल्द पूरा करने और सही प्रकरणों को स्वीकृत करने की सलाह दी।

# फिल्टर प्लांट के मोटर में खराबी से अनेक वार्डों में पानी सप्लाई हुई प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



नगर निगम दुर्ग के 24 एमएलडी फिल्टर प्लांट में शुक्रवार दोपहर 110 हार्स पावर मोटर पंप के बेरिंग टूटने के कारण आई खराबी के चलते शहर के डेढ़ दर्जन से अधिक वार्डों में शुक्रवार रात्रि एवं शनिवार सुबह की सप्लाई प्रभावित हुई जिसकी जानकारी मिलने पर महापौर श्रीमती अलका बाघमार के निर्देश पर जलगृह विभाग ने सुबह से ही टैंकर की व्यवस्था के माध्यम से प्रभावित वार्डों में स्थिति नियंत्रित करने का प्रयास किया गया। वहीं फिल्टर प्लांट में आई मोटर खराबी को दूर करने के लिए बाहर से पार्ट्स मंगाकर विशेषज्ञ कर्मचारियों के माध्यम से दोपहर तक सुधार कार्य पूर्ण कराया गया। पंप हाउस में मोटर खराबी की सूचना मिलते ही जल विभाग की प्रभारी श्रीमती लीना दिनेश देवांगन ने अधिकारियों से संपर्क कर इसकी जानकारी महापौर श्रीमती अलका बाघमार को देकर स्वयं टैंकर व्यवस्था के लिए वाहन शाखा से 2 अतिरिक्त ट्रेक्टर व 2 अन्य टैंकर लारी मंगवाकर प्रभावित वार्ड के पार्षदों से संपर्क कर व्यवस्था सामान्य बनाने के लिए सूचित किया। जिसके पश्चात कर्मचारियों के सहयोग से सुबह 6 बजे से ही प्रभावित वार्डों में पार्षदों व नागरिकों की मांग पर लगभग 50 से अधिक स्थानों पर टैंकर की सप्लाई किया गया। वहीं दूसरी ओर पानी की किल्लत को देखते हुए अधिकारियों ने भी खराब मोटर पंप को सुधरवाने सक्रियता दिखाते हुए रायपुर से पार्ट्स मंगवाकर टूटे बेयरिंग व अन्य सामग्री लगवा कर खराबी दूर कराया गया। इस दौरान जलगृह के कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, सहायक अभियंता गिरीश दीवान, सब इंजीनियर मोहित मरकाम ,जल कार्य निरीक्षक नारायण ठाकुर सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

- 50 से अधिक स्थानों पर टैंकर से की गई सप्लाई

### ये वार्ड रहे प्रभावित

24 एम एल डी फिल्टर प्लांट से शहर के मध्य व पुराने वार्ड जिसमें शंकर नगर, मोहन नगर, आमा पारा, गंज पारा, आपापुरा, शक्ति नगर, शांति नगर, केलाबाड़ी, कसारीडीह, घासीदास वार्ड व पद्मनाभपुर क्षेत्र में पानी सप्लाई होती है जिसके लिए संबधित टंकियों में पानी भरा जाता है। लेकिन गत रात्रि व शनिवार सुबह नल नहीं खुलने से लोगों की परेशानी को देखते महापौर व जलगृह प्रभारी के मार्गदर्शन में प्रभावित क्षेत्र में 50 से अधिक स्थानों पर टैंकर सप्लाई किया गया। वहीं दोपहर तक मोटर में आई तकनीकी खराबी सुधार कर देर रात तक सभी वार्डों में पानी सप्लाई सामान्य किया गया।

### प्रेमराज खेलो इंडिया पैरा गेम्स के रहे निर्णायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



भारत सरकार द्वारा आयोजित खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 में भिलाई छत्तीसगढ़ के अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक प्रेमराज जाचक का चयन निर्णायक के रूप में किया गया है। खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 में टेबल टेनिस की प्रतियोगिता 25 मार्च 2025 से 27 मार्च 2025 तक दिल्ली के इन्दिरा गांधी इनडोर स्टेडियम में आयोजित की गई। आगे जानकारी देते हुए दुर्ग जिला टेबल टेनिस संघ के सचिव उमेश गिरी गोस्वामी ने बताया कि, प्रेमराज जाचक का चयन भारतीय टेबल टेनिस फेडरेशन द्वारा किया गया था। इस प्रतियोगिता में देशभर के लगभग 150 खिलाड़ी भाग लिया। यह प्रतियोगिता कुल 20 वर्गों में कराई गई। प्रेमराज जाचक ने इसके पूर्व में भी कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं देश विदेश में निर्णायक के रूप में कराई। वे वर्तमान में डाक विभाग में कार्यरत है। इस उपलब्धि के लिए दुर्ग जिला टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष नीरज पाल, चेयरमैन विकास गुप्ता ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### एक्स्ट्रा सोशल एक्टिविटी के लिए सम्मानित हुईं कन्या महाविद्यालय की छात्राएं



**दुर्ग।** एक्स्ट्रा सोशल एक्टिविटीज के तहत शासकीय डॉक्टर वासुदेव वामन राव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की तीन छात्राओं सृष्टि जलकारे, हर्षिता नायक, भूमि चंद्राकर को एकलव्य पब्लिक स्कूल बेलौदी द्वारा सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि एमएससी चतुर्थ सेमेस्टर प्राणी शास्त्र की इन छात्राओं ने तंत्रिका तंत्र से संबंधित गूड अध्यापन कार्य को बहुत ही सरलतम तरीके से विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत किया था।

### कमिश्नर ने जमा किये ओपीएस और एनपीएस के चार करोड़ रुपए की राशि



**दुर्ग।** नगर निगम के कर्मचारियों के लिए बड़ी राहत की खबर है। नगर निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने निगम के सभी नियमित कर्मचारियों के लिए ओल्ड पेंशन स्कीम की राशि दिसंबर 2024 तक और न्यू पेंशन स्कीम की राशि फरवरी 2025 तक उनके खातों में जमा करवा दी गई है।

जानकारी के मुताबिक यह राशि लगभग चार करोड़ से अधिक बताई गई है। पिछले दो वर्षों से लंबित राशि जमा होने से निगम कर्मचारियों में खुशी है। बजट बैठक में स्वीकृति मिलते ही बजट के एक दिन पहले कर्मचारियों को यह सौगात दी गई। इस संबंध में निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष संजय मिश्रा, महामंत्री अनिल सिंह, शशि यादव, राजू चन्द्राकर, ईश्वर वर्मा, साक्षी वर्मा, रेखा कुर्रे, प्रिंसि शर्मा, गंगाधर ठाकरे के अलावा यूनियन के पदाधिकारियों ने इस निर्णय का स्वागत किया।

### हिंदू नववर्ष विक्रम नव संवत्सर की भी आज से शुरुवात

# इस बार 8 दिन की होगी नवरात्रि

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दुर्ग जिले समेत अंचल में चैत्र नवरात्र का पर्व श्रृद्धा भक्ति के साथ धूमधाम एवं हर्षोल्लस से मनाया जाएगा। पंचाग के अनुसार इस वर्ष चैत्र नवरात्रि 2025 का शुभारंभ 30 मार्च से शुरू होगा और होकर 6 अप्रैल को रामनवमी का आयोजन किया जाएगा। मंदिरों में से ज्योति कलश प्रज्वलित होगी। चंडी मंदिर में इस बार सौ ज्योत बढे, शीलता मंदिर में डेढ हजार ज्योति कलश स्थापित होगें।

- जलेंगे ज्योति कलश, 6 अप्रैल को राम नवमीं

दुर्ग शहर के ऐतिहासिक मंदिर माँ चंडी मंदिर में 2600 ज्योति कलश, शीतला मंदिर में 1500, कंकाली मंदिर में 65 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित की जाएगी। माँ चंडी मंदिर के पुजारी ने बताया कि, हर साल 2500 मनोकामना ज्योति कलश जलाया जाता था, लेकिन इस बार 2600 मनोकामना ज्योति कलश जलाया जा रहा है।



### आज होगी मां शैलपुत्री की पूजा

रविवार को मंदिरों में पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा होगी। यह देवी मनवांछित फल देने वाली हैं, सुबह मंत्रोच्चार के साथ मंदिरों में आस्था की ज्योति जलनी प्रारंभ होगी। हर साल की तरह इस बार भी इन मंदिरों में आस्था की ज्योति जगमगाएगी.

### बाजारों में बढ़ी चहल पहल

नवरात्र के लिए शहर भर के बाजारों में दुकानदारों ने भी पहले से तैयारियां कर रखी है। चूनरी, पोशाक व अन्य सामान की खरीदारी के लिए बाजार गुलजार हो गए है। पूजन सामग्री के लिए बाजारों में चहल-पहल बढ़ गई है। बाजार में पूजन सामग्री की बिक्री बढ़ी है। शहर के चौक इलाके में पूजन सामग्री की दुकानें सजी हुई है।



## खबर संक्षेप

### पवन कुमार को मिली डाक्टरेट की उपाधि



**भिलाई।** पवन कुमार शर्मा को शिक्षा समाज सेवा विज्ञान एवं अभियांत्रिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए यूनिवर्सिटी आफ सेंटर अमेरिका द्वारा डॉक्टर ऑफ साइंस की उपाधि से नवाजा गया है। पवन कुमार शर्मा पाटन क्षेत्र के फुंडा ग्राम में पले बड़े। उनकी हायर सेकेंडरी तक की शिक्षा ग्रामीण अंचल में हुई। उन्होंने अभियांत्रिकी की शिक्षा शासकीय अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महावद्यिालय रायपुर से प्रथम श्रेणी ऑनर्स में उत्तीर्ण की । श्री शर्मा अथक परिश्रम एवं लगन से कार्य करते हुए बीएसपी से मुख्य महाप्रबंधक के पद में से सेवानिवृत हुए।

### सांसद की पहल पर जिले में खुलेगा 45 आंगनबाड़ी केंद्र



**भिलाई।** सांसद प्रतिनिधि भिलाई-चरोदा के विपिन चंद्राकर ने बताया कि सांसद विजय बघेल की पहल पर 45 नवीन आंगनबाड़ी खुलने की स्वीकृति मिली है। पिछले दिनों दुर्ग जिले में विभिन्न क्षेत्रों में आंगनबाड़ी खोलने की मांग काफी लंबे समय की जा रही थी। इसे लेकर सांसद प्रतिनिधि चंद्राकर ने सांसद विजय बघेल को अवगत कराया था। सांसद बघेल ने इसे गंभीरता से लेकर केंद्रीय मंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग अन्नपूर्णा देवी को पत्र प्रेषित कर चर्चा किया। आंगनबाड़ी केंद्रों के युक्तिकरण के लिए सांसद ने अनुरोध किया। साथ ही प्रदेश की महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े को भी पत्र प्रेषित कर निवेदन किया था। उसके बाद दुर्ग जिले में नवीन 45 आंगनबाड़ी केंद्रों की युक्तिकरण का स्वीकृत आदेश प्राप्त हुआ है। इससे जिले के छोटे बच्चों को लाभ मिलेगा।

### हादसे में युवक की मौत

**भिलाई।** सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पाटन पुलिस ने बताया कि आम बागीचामोड के पास ग्राम-सोरम निवासी टोमेन्द्र साहू वाहन चालक का काम करता है। 12 मार्च को पीड़ित दोस्त अजय साहू के बाइक से कुम्हली से पाटन निजी काम से आए थे। बाअक को पीड़ित चला रहा था। काम खत्म कर घर लौट रहे थे। इस दौरान आम बागीचा मोड के पास ग्राम सोरम के आगे मुख्य मार्ग पर बाइक चालक ने रॉग साइड के तरफ से लहराकर ठोकर मार कर एक्सीडेंट कर दिया। हादसे में अजय साहू के सीना में गंभीर चोट लगा था। उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां अजय की मौत हो गई।

**निधन**

### बिसनी बाई बघेल



**पाटन।** ग्राम बेलौदी निवासी बिसनी बाई बघेल का शुक्रवार रात निधन हो गया। बिसनी बाई बघेल के अंतिम संस्कार (काठी) कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री व पाटन विधायक भूपेश बघेल पहुंचे। बिसनी बाई बघेल, दाऊ शंकर बघेल की माता पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, हितेश बघेल की बड़ी मां और वामन बघेल, छोटू बघेल की दादी थीं।

**बैठक : भिलाई, रिसाली, दुर्ग व भिलाई तीन निगमों में पेयजल समस्या**

# डॉयरेक्टर ने निगम आयुक्तों, महापौर सहित एमआईसी मेंबरों से लिया ब्यौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

इस बार गर्मी में लोगों को पेयजल समस्या से न जूझना पड़े इसके लिए राज्य स्तर से फंड निगमों को मिलेगा। भिलाई, दुर्ग, रिसाली और भिलाई तीन चरोदा निगमों में पेयजल की प्लानिंग राज्य ने मांगी है। पेयजल समस्या से निगम कैसे निपटेगी।

क्या दिक्कतें वर्तमान में है और क्या प्रपोजल बना है और आगे की कार्ययोजना कैसी है ऐसी जानकारी छत्तीसगढ़ संचालनालय नगरीय प्रशासन विभाग के डॉयेक्टर ने रिमिजियुस एक्का ने जुटाई। शनिवार को चारों निगम के महापौर, आयुक्त, सभापति और एमआईसी मेंबरों से गहन चर्चा की।



### आयुक्तों से पूछा फंड देने से पेयजल समस्या क्या दूर हो जाएगी

डॉयरेक्टर एक्का ने नगर निगम भिलाई के महापौर नीरज पाल, दुर्ग की अलका बाघमार, रिसाली शशि सिन्हा, भिलाई तीन चरोदा निर्मल कोसरे के साथ अपने क्षेत्र के नागरिकों के लिए जल समस्या को लेकर चर्चा की। चर्चा के दौरान उनके द्वारा पूछा गया पिछले बार गर्मी में पेयजल पर क्या खर्च किया गया। इस बार का क्या प्रपोजल है। अभी क्या हो सकता है। जिसकी प्रतिपूर्ति कर देने से सभी नागरिकों को गर्मी में पानी की समस्या का समाधान हो जाएगा। दुर्ग जिले के सभी निगम के आयुक्त द्वारा पहले से जानकारी बनाकर के संचनालय को भेजा गया था। इस आधार पर जनप्रतिनिधियों से स्थानी पेयजल के प्रतिपूर्ति के लिए बिंदुवार चर्चा की।

### वार्डों की समस्याएं बताई एमआईसी सदस्यों ने

निगम के सभापति, जल विभाग के प्रभारी अध्यक्ष, नगर निगम भिलाई के महापौर परिषद के सदस्य गणों ने भी अपने वार्ड एवं क्षेत्र की समस्याओं के बारे में बताया। डायरेक्टर एक्का ने सबको प्रस्ताव के अनुसार कार्य को पूरा करने के लिए कहा। नगर निगम भिलाई, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय , दुर्ग सुमित अग्रवाल, भिलाई तीन चरोदा दशरथ राजपूत, एवं रिसाली के मोनिका वर्मा ने अपने निगम के संबंध जानकारी प्रस्तुत की। बैठक में चर्चा के दौरान नगर निगम भिलाई सभापति गिरवर बंटी साहू, रिसाली केशव बंछोर, भिलाई तीन चरोदा कृष्णा चंद्राकर के साथ नगर निगम के महापौर परिषद के सदस्यगण जल से संबंधित अधिकारी अभियंता उपस्थित रहे। महापौर नीरज पाल ने कहा शासन की बहुत अच्छी पहल है, कि गर्मी के दिन में डायरेक्टर आकर के सभी निगम से पेयजल समस्या के बारे में जनप्रतिनिधियों एवं अध्यक्षों के साथ बात कर रहे हैं। समस्या का शीघ्र निराकरण करने के लिए आयुक्त आयुक्तयो एवं अधिकारियों को निर्देशित कर रहे हैं।

## चैत्र नवरात्रि में पदयात्रियों के लिए कुम्हारी से अंजोरा बाईपास तक बना कारिडोर

**भिलाई।** चैत्र नवरात्रि पर डोंगरगढ़ पदयात्रियों के लिए सुरक्षित आवागमन एवं वाहन चालको के लिए निर्देश जारी किए है। एएसपी ऋचा मिश्रा ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस ने कुम्हारी से अंजोरा बाईपास तक सुरक्षित कोरिडोर बनाकर रूट निर्धारित किया गया है। सुरक्षा की दृष्टि से 4 पेट्रोलिंग वाहन तैनात किए गए है। 24 घण्टे 30 मार्च से 6 अप्रैल तक पेट्रोलिंग होगा। पीए सिस्टम के माध्यम से पदयात्रियों को बाएं चलने के निर्देश देते रहेगें। इस मार्ग में किसी प्रकार का अवरूद्ध उत्पन्न नहीं होने दिया जाएगा। कुम्हारी टोल प्लाजा-सिरसा गेट चौक-डबरापारा तिराहा-खुर्सीपार तिराहा-पावर हाउस अण्डर ब्रिज-मुर्गा चौक-सेन्ट्रल एवेन्यु होते हुए सेक्टर-9 चौक- एमडी बांग्ला तिराहा - ठगडा बांध ओवर ब्रिज के नीचे-जेल तिराहा-गांधी तिराहा-पटेल चौक-गंजपारा-पुलगांव चौक-शिवनाथ नदी ब्रिज-अंजोरा बाईपास-राजनांदगांव से होकर डोगरगढ़ निकलेगे।




### पदयात्रियों से ट्रैफिक पुलिस की अपील

पदयात्री अपने बैग में रेडियम स्टीकर लगाकर चले एवं रिफ्लेक्टिव कपडे पहने डार्क कलर का कपडा ना पहनें ताकि वाहन चालक को आप आसानी से दिखाई दे सकें। सड़क के एकदम किनारे बांये ओर चले वाहन चलने वाले सडक पर ना चले ताकि दुर्घटना से बच सकें। देर रात यात्रा प्रारंभ करने से बचें। प्रशासन द्वारा नर्धिारित पदयात्रा मार्ग पर ही चले। पदयात्रा के दौरान सड़क पर वश्रिाम ना करे अन्यथा एक गंभीर दुर्घटना के शिकार हो सकते है। पदयात्रा मार्ग पर बांये ओर वाहन चल रहे होगें अतः सचेत एवं चौकना होकर पदयात्रा करें। हाईवे में सर्विस लेन का प्रयोग करे। बायपास मार्ग का प्रयोग न करें।

## बीएकेएस की पहल पर बीएसपी कर्मियों को मिली पदोन्नति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

बीएकेएस भिलाई तथा उसके अध्यक्ष अमर सिंह के द्वारा किए गए लगातार शिकायत के बाद बीएसपी प्रबंधन मजबूर हो कर सभी

- प्रधानमंत्री कार्यालय में शिकायत और प्रथम अपील के बाद बीएसपी कर्मचारियों को मिली पदोन्नती

कर्मियों को पदोन्नति दी है। बीएकेएस भिलाई ने 29 जनवरी 2025 को प्रधानमंत्री जन शिकायत कोषांग में दर्ज कराया था शिकायत।

उसके बाद सेल डीविजन के मैनेजर सुश्री अलका ढिंगरा ने गलत जवाब पेश किया था। जिसके बाद बीएकेएस अध्यक्ष अमर सिंह ने सुश्री अलका ढिंगरा और सेल के विरुद्ध पुनः प्रथम अपील दर्ज कराया था ।प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा सवाल जवाब करने के बाद बीएसपी मैनेजमेंट मजबुर होकर कर्मचारियों के पदोन्नति को बहाल किया है । गौरतलब है कि हड़ताल में भाग लेने वाले कर्मचारियों को डराने के उद्देश्य से उनकी पदोन्नति रोक दी गई थी । बीएसपी प्रबंधन के पास शिकायत दर्ज कराने के बावजूद जब प्रबंधन ने कुछ सकारात्मक कारवाई नहीं किया तो बीएकेएस ने पूरे दस्तावेज के साथ पीएमओपीजी में शिकायत दर्ज कराया था ।

### पहली यूनियन

शायद बीएकेएस और आरएकेएस सेल मे पहली ऐसी यूनियन है जो सेल मैनेजमेंट के तानाशाही के विरुद्ध प्रत्येक फोरम पर लड़ रही है। चाहे वह इस्पात मंत्रालय, श्रम मंत्रालय, डीपीई मंत्रालय, प्रधानमंत्री कार्यालय से पत्राचार हो, या शिकायत। उसके बाद यूनियन कई मुद्दे पर न्यायालय की शरण में भी गई है।

-**अमर सिंह**, अध्यक्ष बीएकेएस भिलाई ।

**दुर्ग ग्रामीण विधायक ने कहीं**


## माता कर्मा का श्रीकृष्ण के प्रति अटूट प्रेम और स्नेह उनके उपदेश हम सभी के लिए अनुकरणीय

**भिलाई।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत उतई में स्थानीय ग्रामीण साहू समाज द्वारा आयोजित भक्त शिरोमणि मां कर्मा जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित हुआ। इस अवसर पर भक्त माता कर्मा की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया और क्षेत्रवासियों को भक्त माता कर्मा जयंती की शुभकामनाएं दी। समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं और समाज के उत्थान के लिए काम करने वाले सम्माननीयजनों व नगर के नवनिर्वाचित जन प्रतिनिधि का सम्मान किया गया। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि माता कर्मा के आदर्श हमें समाज में करुणा, समानता और समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देते रहेंगे। इस अवसर पर स्थानीय साहू समाज अध्यक्ष किशोर साहू, उपाध्यक्ष खूबी राम, सुनील ,



पार्षद लक्ष्मीनारायण, तुलाराम, लखन लाल, छबिलाल, हर प्रसाद, दीनानाथ, सुमंत, डीकेश पार्षद द्वारिका साहू, विजय लक्ष्मी साहू, कांति लाल साहू , ब्रजमोहन साहू माधो साहू, पार्षद संगीत रजक, सुनीता गौतम चंद्राकर, अनीता नीलम गड़े, राकेश साहू, चिंताराम साहू, पंच राम साहू, यज्ञ कुमार साहू मन्नू लाल साहू, ममता चंद्राकर, दानेश्वरी देशमुख, सहित बड़ी संख्या में समाज गंगा के लोग उपस्थित रहे।

### भक्त माता कर्मा ने प्रेम,भक्ति,तप से भगवान श्रीकृष्ण की प्राप्तिः अशोक साहू



**पाटन।** ग्राम केसरा में स्थानीय साहू समाज ने भक्त माता कर्मा की 1009वीं जयंती बड़े धूमधाम से मनाई। जिसमें मुख्य अतिथि जिपं पूर्व उपाध्यक्ष अशोक साहू थे। अध्यक्षता जिला प्रतिनिधि गंगादीन साहू ने किया। विशेष अतिथि जप पाटन सदस्य दिनेश साहू, कोषाध्यक्ष गरीब दास साहू, परिक्षेत्र उपाध्यक्ष डॉ. यशवंत साहू, सचिव श्यामलाल साहू, तहसील संयोजिका कमलेश्वरी साहू, न्याय प्रकोष्ठ रामनारायण साहू, सरपंच ईश्वर निषाद, पूर्व सरपंच भागवत सिन्हा, संरक्षक नोहर साहू, चित्रसेन साहू ने श्रीकृष्ण, माता कर्मा की पूजा अर्चना कर ग्रामवासियों की सुख, समृद्धि, शांति, खुशहाली की कामना की। जिप दुर्ग के पूर्व उपाध्यक्ष अशोक साहू कहा कि संत माता कर्मा की जयघोष के साथ भक्ति,भाव, तप, प्रेम, करुणा से भगवान की प्राप्ति माता कर्मा को मिली। समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान में हम सबको सहयोग करना चाहिए। शिक्षा के क्षेत्र में जागरूकता के लिए प्रेरणा युवाओं को देनी चाहिए।

### बीएसपी से बेदखली नोटिस, वरिष्ठ पत्रकार की विधवा दर-दर भटक रही

**भिलाई।** वरिष्ठ पत्रकार की विधवा को भिलाई स्टील प्लांट मैनेजमेंट ने बेदखली का नोटिस दे दिया है। जिससे विधवा महिला अपनी बेटी के साथ दर-दर भटकने मजबूर है। संकट की इस घड़ी में बीएसपी मैनेजमेंट ने भी हाथ खींच लिए हैं और हर हाल में आवास खाली करने फरमान सुना दिया है। इससे विधवा महिला परेशान है। मामला वरिष्ठ पत्रकार रहे दिवंगत दद्दन सिंह का है। दद्दन सिंह ने करीब दो दशक तक सक्रिय पत्रकारिता के माध्यम से अपनी अलग पहचान बनाई थी। तब दद्दन सिंह सपरिवार सेक्टर-2, स्ट्रीट-15 बी में ब्लॉक 15 के क्रमांक 17 में रहा करते थे। 27 मार्च 2018 को स्वास्थ्यगत कारणों से दद्दन सिंह की मृत्यु हो गई। उनकी पत्नी श्रीमती इशु सिंह बताती है कि साल 2012 में जब बीएसपी मैनेजमेंट ने लाइसेंस योजना जारी की तो उन्होंने विधिवत 5 हजार रूपए 12 मई 2012 को जमा किए। जिसकी रसीद भी उनके पास है। लेकिन कतिपय कारणों से उन्हें यह आवास लाइसेंस पद्धति से आवंटित नहीं किया गया। इसके बाद से वह लगातार नगर सेवाएं विभाग और अन्य विभागों के चक्कर लगा रही हैं लेकिन उन्हें कहीं से भी मदद नहीं मिल रही है।

### आठ दिन की नवरात्र की आज से शुरूआत, हाथी पर सवार होकर आएंगी मांह



**राजनांदगांव।** हिंदू धर्म के विशेष पर्व में शामिल चैत्र नवरात्र की आज से शुरूआत होने जा रही है। इस बार नवरात्र का पर्व आठ दिनों का होने वाला है। जिसकी शुरूआत आज 30 मार्च से आगामी छह अप्रैल तक रहेगी। इस बार मां हाथी पर सवार होकर धरती पर आने वाली है। यही कारण है कि इस नवरात्र पर तीन सर्वार्थ सिद्धि और चार रवि योग का दुर्लभ संयोग भी बन रहा है। चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि की शुरूआत 29 मार्च को शाम 4 बजकर 27 मिनट से होगी और तिथि का समापन 30 मार्च को दोपहर 12 बजकर 49 मिनट पर होगा। उदयातिथि के अनुसार चैत्र नवरात्र रविवार 30 मार्च से ही शुरू होने जा रही है। पंडितों से मिली जानकारी के अनुसार घट स्थापना के लिए विशेष मुहूर्त 30 मार्च को सुबह 6 बजकर 13 मिनट से लेकर सुबह 10 बजकर 22 मिनट तक रहेगा।

## नो एंट्री में घुसा ट्रक, चालक को आई झपकी, बड़ी दुर्घटना टली

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नो एंट्री में गेट को ठोकर मारकर एक ट्रक जा घुसी। ट्रक इतनी स्पीड में थी कि उसने पहले सड़क किनारे रखे बड़े बोल्डर को ठोकर मारा। इसके बाद लोहे की ग्रिल को तोड़ते हुए प्रवेश द्वार को तोड़ दिया। जानकारी के मुताबिक घटना शुक्रवार रात 1 बजे की है। ट्रक भिलाई से दुर्ग की ओर सामान लेकर आ रहा था। वाईशेप ब्रिज से दुर्ग के लिए नीचे उतरा स्पीड इतना अधिक था कि अचानक ट्रक चालक को झपकी आ गई और संतुलन बिगड़ने से हादसा हो गया। ठोकर इतना तेज था कि लोहे से बना प्रवेश द्वार ट्रक की ठोकर से टूट गया। ट्रक ने ब्रिज के किनारे लगी रेलिंग को तोड़ा और फिर एक बड़े सीमेंट के बोल्डर से टकराकर रुका। हादसे की आवाज सुनकर साइंस कॉलेज के लोग पहुंचे। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल ट्रक चालक को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। ट्रक को जब्त कर कार्रवाई किया। प्रवेश द्वार टूटने से एक तरफ का पूरा रोड जाम हो गया था। गाड़ियों को दूसरी तरफ से निकाल रही थी। पुलिस ने तुरंत क्रेन को बुलाया और इसके बाद वहां से मलबे को हटाकर सड़क को खाली कराया। फिर ट्रैफिक सुचारु रुप से चला।

- लोहे का ग्रिल हुआ क्षतिग्रस्त








### :: आम-सूचना ::

ग्राम-समोदा, प.ह. नं. - 13, रा.नि.म. - दुर्ग 01, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) खसरा नं. - 555/1, रकबा 0.7800 हेक्टारे।

मैं कृष्ण कुमार यादव, वकील / नोटरी श्री ज्ञानेश्वर प्रसाद ताम्रकार से अधिकृत होकर जानकारी संज्ञान में लाया कि श्रीमती वंदना तिलकेश्वर साहू पति तिलकेश्वर रामअनुज साहू, पता - प्लॉट नम्बर - 25 मानेवड़ा रोड नई कैलाश पार्वती नगर नागपुर, महाराष्ट्र मोबाईल नम्बर- 96572 - 68461 ग्राम - समोदा, प.ह.नं.-13, रा.नि.म. - दुर्ग 01, तह. व जिला - दुर्ग (छ.ग.) खसरा नं. - 555/1, रकबा 0.7800 हेक्टारे लगी हुई भूमि खसरा नं. - 555 / 4, रकबा - 0.0800 हेक्टारे में अवैध प्लाटिंग छोटे-छोटे भूखण्ड खंभा लगाते हुए विभाजित कर बिक्री करने के प्रयास में है। निजी भूमि ज्ञानेश्वर प्रसाद ताम्रकार के पिता श्रीमती भुनेश्वर प्रसाद ताम्रकार आत्मज स्वर्गीय प्रभु प्रसाद ताम्रकार भूमि पर आम रास्ता आम रोड मुरूम बिछाकर बनाकर बिक्री करने की प्रयास में है, जिसके संबंध में शासन, प्रशासन के समक्ष प्रकरण लंबित है, वाद प्रचलन में है। ऐसी स्थिति में कोई भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, साहूकार अन्य तरह के बिक्री, बंधक, दान पट्टा वसीयत अन्य तरह के संव्यवहार अविधिक होगा शून्यकरणीय होगा, शून्य माना जावेगा।

कि सूचना जानो।

स्थान :-दुर्ग दिनांक :- 29.03.2025

कृष्ण कुमार यादव
वकील / नोटरी
मठपारा चण्डी चौक दुर्ग (छ.ग.)
Mob. 6263541158

## अंचल की खबरें

### एक मुट्ठी दान अभियान हुडको में



**भिलाई।** श्रीराम जन्मोत्सव समिति द्वारा श्रीराम नवमीं के उपलक्ष्य में घर-घर जाकर एक मुट्ठी दान लिया जा रहा है। यह अभियान भिलाई सहित संपूर्ण जिले में चलाया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में हुडको भिलाई श्रीराम जन्मोत्सव समिति द्वारा लोगों के घरों में जाकर दान जुटाया जा रहा है। इस अभियान से लोग स्वस्फूर्त जुड़ रहे है। स्वैच्छा दान दे रहे है। दान से एकत्र अन्न से महाभंडारा का आयोजन होना है। समिति के द्वारा श्रद्धालुओं से अपील की जा रही है कि वे इस आयोजन में सेवाभाव से आगे आए।

### शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति से झूमे विद्यार्थी



**अंडा।** शैलदेवी महाविद्यालय में स्पीक मैके द्वारा शास्त्रीय संगीत की ध्रुपद गायन शैली एवं मृदंग व तानपुरा वादन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय के पृथ्वीराज कुमार, सोनबाला कुमार ने अपनी प्रस्तुति दी। महाविद्यालय के सभी शिक्षकों व विद्यार्थियों ने प्रस्तुति का आनंद लेते हुए गायन में सुर-ताल मिलाया। विद्यार्थियों ने संगीत एवं कला के संबंध में अपनी जिज्ञासा प्रकट की एवं सार्थक चर्चा कर अपना ज्ञानवर्धन भी किया।

### श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का समापन



**नंदकट्ठी।** ग्राम नंदकट्ठी में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का समापन शनिवार को व्यास पीठ पर ग्राम नारी कुरूद धमतरी पंडित सतीश शर्मा, कथा वाचक भिंभोरी पंडित अजय पांडे परायणकर्ता हैं। माखन लीला महारास कथा गोवर्धन लीला, रुक्मणी विवाह सुदामा चरित्र परीक्षित मोक्ष ,गीता प्रवचन सहस्त्र धारा एवं पूर्णाहुति होगी। तीसरे दिन की कथा में पंडित सतीश शर्मा ने अजामिल की कथा बतलाई और कहा कि मानव को सच्चरित्र, अपने और नीतिगत जीवन जीने के लिए प्रेरित किया।

### जवाहर उत्कर्ष परीक्षा में 25 बच्चे होंगे सम्मिलित

**पाटन ।** जवाहर उत्कर्ष परीक्षा में विकासखंड पाटन से 25 बच्चे सम्मिलित होंगे। यह परीक्षा प्रयास आवासीय विद्यालय मालवीय चौक दुर्ग दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगी। इस परीक्षा में ग्राम पंचायत और नगर पंचायत के विद्यालयों में कक्षा 5वीं अध्ययन करने वाले अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्रों के लिए आयोजित किया जाता है। ऐसे विद्यार्थी जो कक्षा चौथी में 80 प्रतिशत अंक या समकक्ष ग्रेड उत्तीर्ण हुए हो तथा जिनके पिता की वार्षिक 2.50 लाख से कम हो। इस परीक्षा के लिए दुर्ग जिले में एससी वर्ग के 4 और एसटी वर्ग के 2 सीट आरक्षित है। विकासखंड प्रतियोगिता परीक्षा प्रभारी कमल कांत देवांगन ने बताया कि विगत दो वर्षों से विकासखंड में क्रमशः चार-चार बच्चों का चयन इस परीक्षा में हुआ है। चयनित बच्चों को राज्य के पंजीकृत श्रेष्ठ सीबीएसई (केंद्रीय बोर्ड) निजी आवासीय विद्यालयों में निःशुल्क 12वीं तक अध्ययन करने का अवसर प्राप्त होता है। इस क्रम में इस वर्ष नवोदय विद्यालय के लिए 17 बच्चों का चयन हुआ है। विकासखंड पाटन में प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए विद्यालय स्तर पर कक्षाएं आयोजित की जाती है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप महिलांगे ने नवोदय विद्यालय में चयनित तथा इस परीक्षा के लिए बच्चों को सम्मिलित के लिए बधाई दी।

### पुराने लेनेदन को लेकर हमला

**भिलाई।** पुराने लेनेदन की बात को लेकर युवको ने गाली गलौज कर चाकू से हमला कर मारपीट किया। शिकायत पर पुलिस ने धारा 109,3(5) के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सेक्टर 06 निवासी विमलेश्वरी राजपूत ने शिकायत किया कि पति परवेन्द्र सिंह फायनेंस कंपनी में काम करता हैं। 27 मार्च की शाम विशाल अपने तीन चार दोस्त के साथ पीड़िता के घर पहुंचा। पति के बारे में पूछताछ कर पैसा उधार लगने की बात कहने लगा। जब पीड़िता ने पति घर पर नहीं होने की जानकारी दी तो युवक चले गए। इसके बाद फिर रात को विशाल अपने साथी के साथ पीड़िता के पति परवेन्द्र सिंह को पुराने लेनदेन की बात को लेकर मारपीट करने लगे। उसे चाकू से हमला कर घायल किया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल किया गया है।


प्रवेश प्रारंभ... **नवोदय में चयन** प्रवेश प्रारंभ...

**एम्बिशन पब्लिक स्कूल & कोचिंग सिवनी (सेजबहार)**

**से जवाहर नवोदय विद्यालय माना में सत्र 2025-26 के लिए चयनित बच्चे**




विगत वर्षों के भांति इस बार भी एम्बिशन पब्लिक स्कूल & कोचिंग, सिवनी-2 (सेजबहार) से इस सत्र 2025-26 के लिए 6वीं में 19 बच्चों का (विगत 7 वर्षों में 100 बच्चों का) जवाहर नवोदय विद्यालय माना में चयन हुआ है। इस स्कूल का मुख्य उद्देश्य कक्षा 6वीं में नवोदय, सैनिक, मिलिट्री, प्रयास स्कूलों में बच्चों का चयन कराना है, इस स्कूल में कक्षा- 3 से ही बच्चों को पाठ्यक्रम पढ़ाई के साथ ही साथ उपरोक्त प्रवेश परीक्षा के लिए बच्चों को तैयार किया जाता है, ताकि बच्चे आगे की पढ़ाई उपरोक्त प्रख्यात स्कूलों में अध्ययन कर अपने उज्जवल भविष्य सवार सके, स्कूल संचालक भगत रात्रे ने सभी प्रतिभाशाली बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की बधाई व शुभकामनाएं दिए। एम्बिशन पब्लिक स्कूल में नर्सरी से पांचवीं तक (English Medium) एडमिशन प्रारंभ है।

संचालक भगत रात्रे मो. 9131314841 | उप संचालक साहिल रात्रे, डेविड रात्रे | प्रेरणाश्रोत हेमंत सिंह (SI) मो. 9407786769

नोट : नवोदय चयन कोचिंग सत्र 2026-27 प्रवेश प्रारंभ - पहले आओ-प्रवेश पाओ


वीरभद्र महायज्ञ व प्राणप्रतिष्ठा
मूल मंत्र-ॐ नमो भगवते सदाशिवाय
दिनाँक
30 मार्च 2025 से 06 अप्रैल 2025
यज्ञाहुति समय
प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक
तीर्थराज देवि निकुंभला मंदिर व नगरी निर्माण कार्य जिसमे 4 एकड़ मंदिर
7 एकड़ परकोटा 25 एकड़ परिसर भूमि
जिसकी लागत एक लाख एक हजार करोड़ रुपये होगी
इस उद्देश्य को लेकर संत श्री माताजी
संत श्री माता जी
संस्थापक
तीर्थराज देवि निकुंभला
राजलक्ष्मी मंदिर
जय शक्ति आश्रम
ग्राम – निकुम, जिला – दुर्ग (छ.ग.)
तत्व तत्व से बनेगा तीर्थराज देवि निकुंभला धाम । एक दिन सारे जगत में होगा छत्तीसगढ़ का नाम ॥
क्रमशः...



04 बोल्ड और ब्राइट

## लाइव इवेंट

### फूलों की होली खेली, फाग गीत गाकर जमाया रंग, पारंपरिक व्यंजनों का उठाया लुत्फ



**दुर्ग।** होली पर्व के अंतिम दिवस पर राजपूत समाज रहटादह उपसमिति उत्तर के महिला मंडल द्वारा आयोजित होली मिलन एवं महिला सम्मान समारोह जवाहर नगर आशीर्वाद भवन में रखा गया। इसमें मेयर अलका बाघमार मुख्य अतिथि थीं। वहीं क्षेत्र के सभी महिला पार्षद विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम में उपसमिति के महिला मंडल अध्यक्ष मनीषा राजपूत, नीलिमा राजपूत, ज्योति राजपूत, मिनी ठाकुर, संध्या सेंगर, माधुरी राजपूत, सुमन राजपूत, दामिनी भुवाल, संतोषी राजपूत, शीला राजपूत, राजरानी भुवाल, अर्चना राजपूत, नेहा राजपूत, विजय लक्ष्मी राजपूत, दीपमाला राजपूत, ललिता राजपूत, भूमिका राजपूत, मेनका राजपूत, महेंद्री राजपूत सहित अन्य मौजूद थे। फूलों की होली खेली गई। फाग गीत गाये गए। छत्तीसगढ़ी व्यंजन कलेवा खाकर लुत्फ उठाया। महिला मंडल ने कार्यकारणी का विस्तार करते हुए सक्रिय महिलाओं को प्रमुख जिम्मेदारी पद सौंपा गया।

- राजपूत समाज महिला मंडल का होल मिलन और सम्मान समारोह आयोजित

## सिटी इवेंट

### रिटायर बीएसपी कर्मी बोले- जब भी जरूरत पड़ी, सेक्टर-6 सोसाइटी ने हमेशा दिया साथ



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मियों की सबसे पुरानी और प्रतिष्ठित सहकारी संस्था इस्पात कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-6 में एक आयोजन में सोसाइटी के माह फरवरी या उसके पूर्व सेवानिवृत्त हुए बीएसपी के सदस्य कर्मियों को भावभीनी विदाई दी गई। सोसाइटी के अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र व अन्य पदाधिकारियों ने इन सदस्य कर्मियों को शाल/श्रीफल और उनकी जमा पूंजी का चेक देकर सम्मानित किया। स्वागत भाषण देते हुए अध्यक्ष बृजबिहारी मिश्र ने कहा कि सभी वरिष्ठ कर्मियों को जीवन के नए पड़ाव में भी सोसाइटी परिवार सतत संपर्क बनाए रखेगा। उन्होंने कहा कि इन रिटायर कर्मियों का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। इस दौरान रिटायर हुए कर्मियों ने भी अपनी भावनाएं व्यक्त की और सम्मान के लिए आभार जताया। कोक ओवन एंड कोल केमिकल विभाग से रिटायर शिशिर कुमार मिश्रा ने कहा कि सोसाइटी ने विपरीत परिस्थितियों में हमेशा साथ दिया जिसकी बदौलत हममें से ज्यादातर साथी अपने बच्चों का भविष्य बना सके। पावर एंड ब्लोइंग स्टेशन से सुखदेव सिंह ने भी सोसायटी के साथ अपने वर्षों पुराने संबंधों के अनुभव साझा करते हुए कहा कि बीएसपी में अपनी सेवाकाल की शुरूआत के साथ ही यहां सोसाइटी के सदस्य बन गए थे और जब भी जरूरत पड़ी तो सोसाइटी ने हमेशा साथ दिया। इस अवसर पर संचालक मंडल की उपाध्यक्ष इंद्रजीत कौर, अमिताभ वर्मा, हरिराम यादव, कुलेश्वर चंद्राकर,श्रीमती नीरजा शर्मा और पवन कुमार साहू सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक एम मुरलीधर और धन्यवाद ज्ञापन जे के गहिने संचालक ने किया।

- इस्पात कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-6 ने रिटायर कर्मियों को दी विदाई

#### सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने अनुभव किए शेयर

इनके अलावा सोसाईटी के रिटायर होने वाले बीएसपी के सदस्य कर्मियों में मेडिकल से डॉक्टर राजेश्वर राय, मर्चेंट एंड वायर रॉड मिल से कृष्ण प्रसाद, अरुण कुमार,सिंटर प्लांट-2 से राजेंद्र कुमार यादव, ब्लास्ट फर्नेस से रामआशीष प्रसाद, जितेश कुमार गुड़े, जालम सिंह ठाकुर,प्लांट गैरेज से के घनानंद, सीईडी से वीरेंद्र कुमार, कोक ओवन एंड कोल केमिकल विभाग से बसंतलाल बंजारे,जनरल एस्टेब्लिशमेंट से अरविंद कुमार मिश्रा, सुरेंद्र कुमार साहू के अलावा रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल से अनिल कुमार,स्टील मेल्टिंग शॉप-2 से आनंद राय, सिंटर प्लांट-2 से राजकुमार कौशिक, जमील अहमद कुरैशी, घनश्याम सिंह, जनरल एस्टेब्लिशमेंट से अनवर अली, पवन कुमार, टाउन सर्विसेज से पुहूप राम नोरके,वाटर मैनेजमेंट से रमेशकुमार पाल, प्लेट मिल से के गणपति राव, जनरल एडमिनिस्ट्रेशन से बी.जदू शामिल हैं।

### गुरु घासीदास सेवा समिति सेक्टर-6 के पदाधिकारियों का चुनाव आज

**भिलाई।** गुरु घासीदास सेवा समिति सेक्टर 6 भिलाई नगर के पदाधिकारियों का चुनाव 30 मार्च को किया जाएगा। समिति के निर्वाचन के लिए अध्यक्ष पद सहित अन्य पदों पर निर्वाचन प्रक्रिया की जानी है। इससमें उपाध्यक्ष पद के लिए 3, महासचिव के लिए 6, कोषाध्यक्ष के लिए 5, सहसचिव के लिए 12 एवं कार्यकारिणी के लिए 31 उम्मीद्वारों का नाम नियत किया गया है। समिति के चुनाव की प्रक्रिया सुबह 8 बजे से शुरू होगी, जो शाम 4 बजे तक सतनाम भवन सेक्टर 6 में चलेगी।

● साइंस के सिद्धांतों को दैनिक जीवन में उपयोग लाने वाले 50 से ज्यादा मॉडल्स की प्रदर्शनी

# विज्ञान मेला में स्टूडेंट्स ने तैयार किए वर्किंग लाइफ और फन साइंस, स्टेटिक मॉडल्स, श्रेष्ठ को मिला सम्मान

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ काउंसिल ऑफ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी रायपुर द्वारा प्रायोजित साइंस फेयर यानी विज्ञान मेला का आयोजन किया गया। कॉलेज कैम्पस के रवीन्द्रनाथ टैगोर सभागार में आयोजित इस विज्ञान मेले में 50 से ज्यादा टीमों ने विज्ञान के मूलभूत सिध्दांतों पर आधारित मॉड्ल्स के जरिये अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। फेयर आयोजन समिति की संयोजक डॉ. जगजीत कौर सलूजा तथा सहसंयोजक डॉ. कुसुमांजलि देशमुख ने बताया कि इस साइंस फेयर को 6 विभिन्न कैटेगरी में विभक्त किया गया था, इनमें वर्किंग मॉडल, स्टेटिक मॉडल, लाइफ साइंस पर आधारित मॉडल, फन साइंस पर आधारित मॉडल, नवीन अनुवेषण पर केन्द्रित मॉडल आदि कैटेगरी शामिल थे। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय अपर संचालक डॉ. राजेश पाण्डेय शामिल हुए।





**दुर्ग।** डॉ. पांडेय ने इस आयोजन को लेकर कहा कि वर्तमान समय में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का बोलबाला है। विज्ञान एवं तकनीकी में प्रतिदिन नई-नई खोज हो रही है। अब शीघ्र ही आर्टिफिशियल जनरल इंटेलीजेंस आने वाला है, जिसकी सहायता से मस्तिष्क का विश्लेषण किया जा सकेगा। अपने स्वागत भाषण में संयोजक डॉ. जगजीत कौर सलूजा ने विद्यार्थियों के बौध्दिक क्षमता के प्रदर्शन हेतु इस आयोजन को एक शुरुआत बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. श्वेता पाण्डेय ने तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सतीष कुमार सेन ने किया।

डॉ. प्रज्ञा कुलकर्णी एवं डॉ. कुसुमांजलि देशमुख के अनुसार विभिन्न वर्गों में विभक्त मॉडल प्रतियोगिता हेतु निर्णायक के रूप में सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. वायआर कटरे, डॉ. वायपी पटेल तथा सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. मधुलिका रॉय आमंत्रित थे। विद्वान निर्णायकों द्वारा दिए गए निर्णय के अनुसार नॉन वर्किंग लाइफ साइंस कैटेगरी में साइंस कॉलेज के संजीवनी देशलहरे, अभिनव रांगा ने प्रथम तथा श्रध्दा गुप्ता एवं अमन बंसोड़ ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में आयोजन सचिव डॉ. अनीता शुक्ला, डॉ. प्रज्ञा कुलकर्णी, डॉ. सुनीता मैथ्यू तथा डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, डॉ. जीएस ठाकुर, डॉ. राकेश तिवारी, डॉ. दिव्यामिंज, डॉ. अनुपमा कश्यप, डॉ. उषा साहू, डॉ. मौसमी डे, सुदेश साहू, डॉ. श्रीराम कुंजाम, डॉ. राजलक्ष्मी नायडू, डॉ. रीता गुप्ता, डॉ. नीतू दास, डॉ. प्राची सिंह आदि का उल्लेखनीय योगदान रहा।

### स्टूडेंट्स ने अपनी योग्यता का किया प्रदर्शन, बेस्ट मॉडल्स को मिला सम्मान



इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपनी योग्यता का प्रदर्शन किया। बेस्ट मॉडल्स सम्मानित किए गए। लाइफ साइंस वर्किंग कैटेगरी में साइंस कॉलेज दुर्ग के प्रखर स्वर्णकार और साक्षी बांगड़े प्रथम तथा शासकीय महाविद्यालय जामगांव आर के वेद अग्रवाल और थानेश्वर द्वितीय रहे। फन साइंसेस में दुर्ग के अमन राव मोहिते, शिवानी ठाकुर, देविका मंडावी, नैना अग्रवाल पुरस्कृत हुये। वर्किंग मॉडल में स्वामी स्वरूपानंद महाविद्यालय, भिलाई के ऋषि राजपूत और विवेका शर्मा प्रथम तथा स्वामी आत्मानंद मॉडल कालेज, अटारी रायपुर के अमत्य शर्मा द्वितीय रहे। इनोवेशन वर्किंग केटेगरी में सेंट थॉमस कालेज के हर्ष श्रीवास्तव प्रथम, कल्याण पीजी कालेज, भिलाई के राहुल साहू द्वितीय तथा कमल साहू तृतीय रहे यहीं साईंस कालेज, दुर्ग के दामिनी वर्मा एवं लक्ष्मी नारायण को चतुर्थ एवं पचम स्थान प्राप्त हुआ। नॉन वर्किंग डिमोन्ट्रेशन केटेगरी में कुनाल वर्मा, सृष्टि नर्गिस, आफरा खान तथा गौरव पराते पुरस्कृत हुये। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने मॉडल की प्रशंसा करते हुये कहा कि इस प्रकार के आयोजन से विद्यार्थियों की बौध्दिक क्षमता प्रदर्शित होती है तथा अन्य विद्यार्थियों को भी आगे आने का मौका मिलता है। प्राचार्य डॉ. सिंह ने इस आयोजन हेतु राशि उपलब्ध कराने के लिये छत्तीसगढ़ काउंसिल ऑफ साइंस एण्ड टेक्नालॉजी रायपुर का आभार व्यक्त किया।

**150 टीमों में 500 स्टूडेंट्स हुए शामिल**

विज्ञान मेला में 150 से ज्यादा टीमों ने भाग लिया, इसमें 500 से ज्यादा विद्यार्थी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि इस इवेंट में उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिला। इस साइंस फेयर में छत्तीसगढ़ के विभिन्न महाविद्यालयों तथा साइंस कालेज दुर्ग के लगभग 500 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा आनंद मेले का भी आयोजन किया गया था, जिसका वहां उपस्थित सभी लोगों ने भरपूर आनंद लिया।

## कल्याण कॉलेज के स्टूडेंट्स का एजुकेशनल टूर, तांदुला से लाए वाटर सैंपल का लैब में करेंगे टेस्ट

**भिलाई।** कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा शैक्षणिक भ्रमण किया गया। महाविद्यालय के प्राणीशास्त्र विभाग द्वारा एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण पर एमएससी के विद्यार्थियों को तांदुला जलाशय का भ्रमण कराया गया। यहां छात्र और छात्राओं ने जलाशय में रहने वाले जलचरों के आवास और स्वभाव का अध्ययन किया। साथ ही पास में स्थान जैव विविधता का बारीकी से अवलोकन किया। इसमे एमएससी पूर्व और एमएससी अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के द्वारा अनेक जल स्त्रोतों से जल एकत्रित किया गया। विद्यार्थियों द्वारा एकत्र किए गए जल का प्राणीशास्त्र की प्रयोगशाला में परीक्षण किया जाएगा। विभागीय प्राध्यापकों ने बताया कि सूक्ष्मजीवों के जैव रासायनिक गतिविधियों का परीक्षण कर मौजूदा आकलन किया जाएगा। इस दौरान प्राणी शास्त्र की विभागाध्यक्ष शिप्रा सिन्हा के द्वारा विद्यार्थियों को विभिन विषय संबंधी जानकारी दी गई। विभाग के ही सहायक प्राध्यापक गजेंद्र यादव और सहायक प्राध्यापक वासु दुबे ने छात्र और छात्राओं का मार्गदर्शन किया।

- कॉलेज के प्राणी शास्त्र विभाग के प्राध्यापकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों की उल्लेखनीय भूमिका




## सर्व समाज का सम्मान समारोह 28 अप्रैल को, बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय

**भिलाई।** आशीष नगर पश्चिम रिसाली में छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन की आवश्यक बैठक रखी गई। इसमें 28 अप्रैल को आयोजित होने वाले समरसता एवं सम्मान समारोह की तैयारी पर चर्चा कर सर्व सम्मति से निर्णय लिए गए। बैठक में सर्व सम्मति से सुमन देवांगन को छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन का प्रदेश महिला प्रकोष्ठ का संयोजक नियुक्त किया गया। बैठक में उपाध्यक्ष संत कुमार केसकर, घनश्याम देवांगन, अनुरूप साहू, लखन लाल साहू, रमेश साहू, भानु प्रताप यादव, चंदू लाल मरकाम, डॉ. डीपी देशमुख, रामदुलारी ताम्रकार, सुमन देवांगन, शिव प्रसाद चंद्रवंशी सहित अन्य उपस्थित थे।



### धर्मसभा में संत बालकदास ने सनातनियों का किया मार्गदर्शन

## सनातन जागरण व गौरक्षा को लेकर निकली मशाल यात्रा, उमड़े सनातनी

कार्नर न्यूज

**दुर्ग।** धार्मिक व सामाजिक संगठन अजेय भारत के बैनरतले हिन्दू नववर्ष के उपलक्ष्य पर सनातन जागरण एवं गौरक्षा के उद्देश्य को लेकर भव्य मशाल पदयात्रा निकाली गई। यह मशाल पदयात्रा पाटेश्वर धाम के संत रामबालक दास के सानिध्य में शाम 6 बजे केलाबाड़ी चौक स्थित श्री हनुमान मंदिर में महाआरती कर प्रारंभ हुई। यात्रा में सनातनी अपने हाथों में मशाल लेकर केलाबाड़ी से कसारीडीह चौक, आजाद चौक, कन्हैयापुरी चौक, मुक्तनगर बोरसी रोड का भ्रमण करते हुए छत्रपति शिवाजी चौक आदर्शनगर (महाराजा चौक) पहुंचे। जहां यह मशाल पदयात्रा भव्य धर्मसभा के रुप में तब्दील हुई। धर्मसभा को पाटेश्वर धाम के संत रामबालक दास, आचार्य अजय आर्य व आरएसएस के धर्म प्रांत प्रचारक राजकुमार चंद्रा द्वारा संबोधित कर सनातनियों का सनातन जागरण व गौरक्षा को लेकर मार्गदर्शन कर एकजुट रहने का आह्वान किया गया।

धर्मसभा में दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल,समाजसेवी डॉ. मानसी गुलाटी, नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, एमआईसी सदस्य शशि साहू, भाजपा नेता विनायक नातू, अजय तिवारी, विहिप के महेश यादव, रामलोचन तिवारी,हिन्दू युवा मंच के संयोजक गोविंदराज नायडु,शैलेन्द्र धोटे, पार्षद भास्कर कुंडले, प्रकाश गीते,सविता साहू,मनीष कोठारी, पोषण साहू के अलावा विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संगठनो के प्रमुख विशेष रुप से मौजूद रहे। धर्मसभा का संचालन अखिलेश मिश्रा एवं आभार प्रदर्शन अजेय भारत संगठन के संचालक संजय डहरवाल ने किया।



मशाल पदयात्रा का क्षेत्र में जगह-जगह विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान जयश्री राम के जयघोष गुंजायमान रहे। मशाल पदयात्रा में अजेय भारत संगठन के संचालक संजय डहरवाल, सदस्य अखिलेश मिश्रा,कंचन शुक्ला, संजय मंडावी,ऋषिकांत तिवारी, भारतेन्दू गौतम, प्रकाश देवांगन,सुरेश साहू, राधेश्याम कोसरे, बाबा चौहान, दिलीप देशमुख, देवेन्द्र वर्मा,कृष्ण यादव, दीपक उमरे, संजय चौहान, दीपक यादव, श्रवण यादव, शिवाकांत तिवारी, सुनील साहू ,रामेश्वर अग्रवाल, अजय तिवारी, आनंद श्रीवास्तव, प्रफुल्ल यादव, खिलेन्द्र चौहान, धन्ना सिंह राजपूत, अरुण मिश्रा, योगेश बघेल के अलावा बड़ी संख्या में सनातनी शामिल हुए।



**सिटी इवेंट**

## वार्षिक महोत्सव में विवाहित जोड़े करेंगे सुंदरकांड का पाठ



**भिलाई।** चैत्र नवरात्र में सत्तीचौरा दुर्गा मंदिर गंजपारा में 15वां वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। वार्षिक महोत्सव को भव्य रुप देने मंदिर समिति द्वारा 30 मार्च से 6 अप्रैल तक विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। जिनमें विवाहित जोड़ों के लिए संगीतमय सुंदरकांड पाठ, कन्या पूजन, कन्या भोज और भजन संध्या के साथ ही शोभायात्रा निकाली जायेगी। मंदिर के वार्षिक महोत्सव की शुरुवात रविवार सुबह 5 बजे ज्योति कलश प्रज्जवलन से होगा। 9 बजे माता का महाभिषेक किया जाएगा। वार्षिक महोत्सव में श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में पहुंचेंगे जिसके लिए मंदिर समिति द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। श्री सत्तीचौरा दुर्गा मंदिर समिति के सुरेश गुप्ता ने बताया कि 1 अप्रैल को विवाहित जोड़ो के लिए संगीतमय सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया है। जिसमें शहर एवं जिले के विवाहित जोड़े साथ में बैठकर सुंदरकाण्ड पाठ करेंगे। इसके पूर्व वर्ष 2023 में यह आयोजन किया गया था। जिसमें सैकड़ों जोड़े शामिल हुए थे। आयोजन में छग के पाठकर्ता गणेश मिश्रा द्वारा संगीतमय सुंदरकाण्ड पाठ करवाया जाएगा। सुंदरकाण्ड का पाठ शाम 6 बजे से रात्रि 8.30 बजे तक चलेगा। आयोजन में पुरुष वर्ग सफेद एवं महिलाएं लाल व पीली साड़ी पहनकर शामिल होंगी। सुंदरकांड पाठ में शामिल होने विवाहित जोड़ों का मंदिर परिसर में पंजीयन किया जा रहा है। इच्छुक दंपत्ति 31 मार्च तक अपना पंजीयन करवा सकते है। पंचमी के अवसर पर माता की 108 पूजा थाल से महाआरती होगी। 3 अप्रैल को मंदिर में दादी राणी सती का मंगलपाठ होगा। जिसमें प्रसिद्ध भजन गायिका ममता अग्रवाल भिलाई अपने सुंदर एवं मधुर भजनों के साथ दादी जी का मंगलपाठ करेगी, इस आयोजन में महिलाएँ 16 श्रृंगार करके, लाल चुनरी ओढ़कर पाठ में बैठेगी। यह कार्यक्रम मंदिर परिसर में दोपहर 1 बजे से शुरु होगा। नवमी को सुबह 7 बजे ज्योति कलश विसर्जन की शोभायात्रा और शाम 4 बजे से माताजी की पालकी एवं भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें माताजी को पालकी में बैठाकर सभी धर्मप्रेमी नगर भ्रमण करवाएंगे। शोभायात्रा में विशेष बाजा, घुमाल, डी.जे., छत्तीसगढ़ी मंडली, पालकी, रथ, झाँकी, बग्गी, घोड़ा आकर्षण का केन्द्र होंगे। कार्यक्रम की सभी तैयारी में समिति के अजय शर्मा, अशोक राठी, महेश टावरी, सुरेश गुप्ता, प्रवीण भूतड़ा, राजेश शर्मा, बसंत शर्मा, विजय मनहरे, पिंकी गुप्ता, मनोज भूतड़ा, रमेश बावनकर, राजू पुरोहित, मनोज गुप्ता, राहुल शर्मा सभी सदस्य कार्य कर रहे है।

**इस बार आठ दिनों की नवरात्रि, देवी मां के अलग-अलग स्वरूपों की होगी पूजा**

# आज से शुरु होगी चैत्र नवरात्रि, सज गए माता के दरबार, अभिजीत मुहूर्त में होगी घट स्थापना

### मंदिरों में श्रद्धालुओं की लगेगी भीड़

**भिलाई।** चैत्र नवरात्र के साथ आज हिंदू नववर्ष की शुरूआत भी हो जाएगी। इस दिन शहर के देवी मंदिरों में अभिजित मुहूर्त में घट स्थापना पंडितों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ होगी। 9 दिनों तक चलने वाली चैत्र नवरात्रि में अलग-अलग दिन देवी की अलग-अलग स्वरूपों की पूजा होगी।





### नवरात्रि में होंगे माता रानी के नौ रूपों के दर्शन



श्री गुजराती समाज सेक्टर 4 माँ वैष्णवी मंदिर के अध्यक्ष ललित पंड्या ने जानकारी देते हुए बताया कि सर्वकल्याणार्थ के लिए नवरात्रि महोत्सव का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। चैत्र नवरात्रि पर आज सुबह 8.45 से 10.30 बजे तक सभी देवी-देवता का पूजन एवं घट स्थापना तथा 10.45 बजे से अखंड ज्योत प्रज्वलन किया जाएगा। महा अष्टमी पूजन शनिवार को सुबह 8.30 से 11 बजे तक पूजन एवं 11 बजे से 12 बजे तक हवन यज्ञ- पूर्णाहुति, 12 बजे से 1.30 बजे तक हवन आरती, जनता भोज एवं प्रसाद वितरण किया जायेगा। इस बार एक हजार अखंड ज्योत प्रज्वलित करने की व्यवस्था समिति द्वारा की गयी है। नौ दिन तक चलने वाले महोत्सव में माता का दिन में दो बार नये वस्त्र एवं आभूषणों से श्रृंगार होगा। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्तजन आकर माता रानी का नौ दिन के नौ रूपों का दर्शन करते हैं एवं मनोकामना पूर्ण होने का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। इस उत्सव को मनाने के लिए गुजराती समाज द्वारा माता रानी के मंदिर एवं समाजिक भवन को रंग बिरंगी फूलों एवं झालरों से सजाया गया है।

### पंडित मंत्रोच्चार कर जलाएंगे ज्योत हिंदू नववर्ष पर होंगे विविध आयोजन

सेक्टर 6 बंम्लेश्वरी मंदिर में तेल के 980 व घी के 271 सहित कुल 1251 मनोकामना ज्योत वहीं कलश प्रज्जवलित किए जाएंगे। चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि पर महाराष्ट्र सहित कुछ राज्यों में हिंदू नववर्ष के दिन गुडी पाड़वा पर्व मनाया जाएगा। शहर के देवी मंदिरों में चैत्र नवरात्रि के लिए सेक्टर 6 बंम्लेश्वरी मंदिर, आदि शक्ति मां जगदंबा मंदिर महाराणा प्रताप भवन सेक्टर 7, मां शारदा मंदिर सेक्टर 1, सत्ती चौरा चंडी मंदिर दुर्ग, शीतला माता मंदिर सुपेला, राज राजेश्वरी मंदिर पावर हाउस, बघुआ मंदिर रामनगर, माता शीतला व काली मंदिर संतोषी पारा सहित सभी देवी मंदिरों को रंग-बिरंगी लाईटों व झालरों से सजाया गया है।

### शीतला मंदिर में जलेंगे देश-विदेश के श्रद्धालुओं के मनोकामना ज्योत



सिविल लाईन कसारीडीह स्थित प्रसिद्ध मां सतरुपा शीतला मंदिर में 1551 की संख्या में देश व विदेश के श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामना ज्योत प्रज्जवलित किए गए है। मंदिर में चैत्र व क्वांर नवरात्रि पर मां शीतला के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का मेला लगता है। चैत्र नवरात्रि पर्व पर इस वर्ष समिति द्वारा पूरे 6 अप्रैल तक धार्मिक कार्यक्रम के अलावा विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया है। समिति के अध्यक्ष रोमनाथ साहू ने बताया कि मंदिर में शुभ मुहुर्त पर कलश स्थापना व ज्योत प्रज्जवलित किए जाएंगे। मंदिर में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी। तैयारियों को अंतिम रुप देने में समिति के उपाध्यक्ष शिव सागर सिन्हा, सचिव प्रदीप देशमुख, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र धर्माकर, संयुक्त सचिव चम्पा साहू, प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य तामेश्वर यादव, पुष्पा श्रीवास, सदस्य हेमसिंह ठाकुर के अलावा अन्य सदस्य जुटे हुए है।

### गजानन महाराज गुणगान मंडल में

श्री गजानन महाराज मंदिर आमदी नगर हुडको व दुर्ग में इस वर्ष भी चैत्र नवरात्र से हिंदू नववर्ष की शुरुवात करते हुए रामनवमीं हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। मंडल के सदस्य वसंत कापरे ने बताया कि नवरात्रि चैत्र शुक्ल की प्रतिपदा से गुढ़ी पाड़वा गजानन महाराज मंदिर आमदी नगर हुडको में मनाया जायेगा। जिसमें आज सुबह 9 बजे गणपति पूजन, पूण्यहवाचन, कलश स्थापना व अभिषेक से धार्मिक आयोजन प्रारंभ होगा। शाम 6 से 8 बजे तक रामायण में व सातों कांड के संदर्भ में प्रवचन किया जायेगा। मंडल के सदस्य संजय ने बताया कि प्रतिदिन मंदिर में भजन-कीर्तन व प्रवचन होगा।

**लाइव इवेंट**

## छोटे-छोटे कार्यों से बड़े कार्य की शुरुआत, सीखने की लगन जरूरी



**भिलाई।** मैं जो हूं जैसा हुं ,जो भी मुझे मिला है सब मेरे लिए बेस्ट है, लाइफ में जो भी परिस्थिति मेरे सामने आ रही है उसे एक्सेप्ट करो हर (चैलेंजस) परिस्थिति हमें कुछ न कुछ सिखाने आती है। यह बातें प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में बच्चों के लिए चल रहे 3 दिवसीय मेडिटेशन शिविर के दूसरे दिन ब्रह्माकुमारी गायत्री दीदी ने बताई। बच्चों को तन और मन की एकाग्रता के लिए मेडिटेशन और एक्सरसाइज के बाद ब्रह्माकुमारी गायत्री दीदी ने बताया कि हम सभी छोटे छोटे कार्यों को भी बेहतर करके बड़े कार्य की शुरुआत कर सकते है,इसके लिए लाइफ में अटेंशन और सीखने की लग्न आवश्यक है। मेडिटेशन शिविर में विभिन्न एक्टिविटी, पजल्स, वैल्यू गेम्स, प्रेरणादाई कहानियों के माध्यम से बच्चों को सकारात्मक जीवन के लिए शिक्षाएं दी जा रही है, जिसमें बच्चे भी प्रश्नों के माध्यम से समाधान प्राप्त कर इस मेडिटेशन कैंप में बढ़ चढ़ कर लाभ ले रहे हैं। आज के सत्र में विचारों की शक्ति एवं हमारे जीवन पर उसके प्रभाव विषय पर बताया जाएगा।

**आयोजन**

## एक शाम श्री राम खाटूश्याम के नाम का आयोजन कल, जुटेंगे भिलाइंस



**भक्ति, संगीत और श्रद्धा का होगा संगम**

**भिलाई।** हिन्दू नववर्ष की शुरुआत भगवान की भक्ति के साथ करते हुए इस वर्ष भी भिलाई कैन डु फाउंडेशन द्वारा 31 मार्च को एक शाम श्री राम खाटूश्याम के नाम का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सेक्टर 7 स्कूल ग्राउंड में शाम 7 बजे से संपन्न होगा। फाउंडेशन के अध्यक्ष अतुल पर्वत ने प्रेस वार्ता मे बताया कि इस बार आयोजन पहले से अधिक भव्य होगा, क्योंकि इसमें कई प्रसिद्ध कलाकार शिरकत कर रहे हैं। इस विशेष आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में भोजपुरी सुपरस्टार, फिल्म गायक, अभिनेता और पूर्व लोकसभा सांसद दिनेश लाल यादव (निरहुआ) शामिल होंगे। इनके साथ सुप्रसिद्ध भजन गायक हेमंत बृजवासी, खाटूश्याम जगत के प्रसिद्ध भजन गायक प्रमोद त्रिपाठी, लोकप्रिय बाबा श्याम भजन गायक बजरंग बावरा, और छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध भजन गायिका आरू साहू भी अपनी प्रस्तुतियां देंगी। यह कार्यक्रम भक्ति, संगीत और श्रद्धा का संगम होगा, जिसमें श्रद्धालु श्रीराम और खाटूश्याम जी के भजनों का आनंद ले सकेंगे। भिलाईवासियों के लिए यह एक अविस्मरणीय संध्या होने वाली है, जहां भक्तिमय संगीत से वातावरण गुंजायमान रहेगा। आयोजकों अतुल पर्वत ने बताया की यह चौथा वर्ष है प्रवेश नि शुल्क है उन्होंने भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने की अपील की है।

**रोजा इफ्तार का आयोजन**

## हिन्दू- मुस्लिम भाइयों ने एक साथ किया रोजा इफ्तार, दिया भाईचारे का संदेश



**भिलाई।** जहां एक तरफ लाउडस्पीकर पर अजान और हनुमान चालीसा पाठ बजाने को लेकर विवाद जारी है। वहीं भिलाई वार्ड 35 शारदा पारा में हिन्दू भाई धर्मेंद गुप्ता ने रोजा इफ्तार करवाकर भाईचारा का संदेश दिया है। रमजान के पवित्र महीने में मुस्लिम भाई पूरे एक माह तक रोजा रखते हैं। हर दिन शाम को रोजा इफ्तार में शामिल होते हैं।

इसी कड़ी में भिलाई में शनिवार को रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस इफ्तार पार्टी में गंगा जमुनी तहजीब की झलक यहां देखने को मिली। इफ्तार पार्टी में मुस्लिम समाज के बड़े-बुजर्ग, नौजवान व बच्चों के साथ हिन्दू भाइयों ने भी शिरकत की,सभी लोगों ने आपसी भाई-चारे की दुआ मांगी।वार्ड पार्षद सलमान इंजीनियर ने बताया कि भिलाई मिनी इंडिया के नाम से जाना जाता है जहां सभी मजहब के लोग निवास करते है सभी त्योहार एक साथ मिलकर मोहब्बत से बनाते है आज हिन्दू मुस्लिम भाई एक साथ रोजा इफ्तार में शामिल हुए है भिलाई में गंगा-यमुनी तहजीब के साथ सभी धर्म के लोग प्यार से रहते हैं। उन्होंने लगों से अपील कि देश में शांति हो और हिन्दू-मुस्लिम को भड़काने जैसे प्रवृति लोग अपने आप को बदले। उन्होंने कहा कि नफरत फैलाने वाले लोगों को यह सोचना चाहिए यह देश हिंदू-मुस्लिम सद्भाव का है। आपसी भाईचारा बना रहे यही मकसद से हिंदू भाइयों ने मुस्लिम भाइयों को रोजा इफ्तार करवाया है।

रोजा इफ्तार के आयोजक धर्मेंद्र गुप्ता ने कहा कि हिन्दू-मुस्लिम भाई-भाई है। हिन्दू भाइयों ने मुस्लिम भाइयों के साथ रोजा इफ्तार में शामिल हुए। इस इफ्तार पार्टी से पूरे देश में यह संदेश देना चाहते हैं कि हम सभी हिन्दू-मुस्लिम भाई-भाई है।

**सिटी लाइव**

## राष्ट्र की विकास में हिंदी की महती भूमिका, इसे अपनाने कराया अभ्यास



**भिलाई।** राजभाषा, नियम, अधिनियम एवं कार्यालयीन कार्यों में हिंदी को और अधिक बढ़ावा देने के लिए शनिवार को इस्पात भवन स्थित सीईटी- सेल, भिलाई उप केन्द्र में राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें कार्यालय में किये जाने वाले दैनिक कार्यों को सरल हिंदी में लिखने, अंग्रेजी भाषा को सरल हिंदी भाषा में रूपांतरित कर कार्यालय में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करने पर प्रतियोगिता के रूप में लेखन अभ्यास कराया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता सेट भिलाई उप केन्द्र के मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी प्रणय कुमार थे। कार्यशाला की सराहना करते हुए प्रणय कुमार ने कहा कि राष्ट्र की विकास में हिंदी की महती भूमिका है, इसे हम सबको अपनाना होगा। हिंदी बहुत ही सहज भाषा है इसे हम सबको अपने रोजमर्रा के कार्यों में उपयोग करते रहना चाहिए। कार्यशाला में सेट भिलाई के मुख्य महाप्रबंधक प्रणय कुमार के साथ ही एस.के. राजा, मोहन उमरे, मंजू हरिदास, ए.के. श्रीवास्तव, चैतन्य वेंकटेश्वर, पुनीत चौबे, संदीप कुमार, तरुण कुमार, पारमिता मोहंती, धीरज शाह, दयानंद साहू, विनय कुमार यादव, गोपी कृष्णन, सुधीर अग्रवाल, नितिन चौबे, इरेनी वेंकटेश, प्रेमालता मोहन, तोरण लाल कोसे, दयानंद साहू सहायक महाप्रबंधक सहित सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

**32वीं सब जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता गुरुनानक स्कूल सेक्टर-6 में**

## जूनियर राष्ट्रीय एवं 22वीं फेडरेशन कप थ्रोबाल स्पर्धा का आयोजन, 21 राज्यों के लगभग 700 खिलाड़ी कर रहे शिरकत

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** 32वीं सब जूनियर राष्ट्रीय एवं 22वीं फेडरेशन कप थ्रोबाल प्रतियोगिता का आयोजन गुरुनानक इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 6 में किया जा रहा है। प्रतियोगिता का उद्घाटन शुक्रवार को हुआ। उद्घाटन समारोह में फेंसिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया के कोषाध्यक्ष बशीर अहमद खान, भिलाई इस्पात संयंत्र के एससी एंड सीए के डीजीएम साईं राम जाखड़, अधिवक्ता तुलसी साहू, थ्रोबाल फेडरेशन ऑफ इंडिया सचिव रमन कुमार साहनी उपस्थित थे।सभी राज्यों के खिलाड़ियों के समक्ष छग के खिलाड़ियों द्वारा छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य प्रस्तुत किया गया। उपस्थित सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। विभिन्न राज्यों से आए प्रतिनिधियों द्वारा अतिथियों का सम्मान किया गया। प्रतियोगिता में देश के 21 राज्यों के लगभग 700 खिलाड़ी शिरकत कर रहे है। प्रतियोगिता में अभी तक खेले गए मैचों के परिणाम भी घोषित किये गये।



### अब तक खेले गये खेलों के परिणाम

सब जूनियर बालक वर्ग में महाराष्ट्र ने उत्तर प्रदेश को 25-22, 25-16 से, हरियाणा ने झारखंड को 25-06,25-05 से, कर्नाटक ने बिहार को 25-03, 25-11 से, मुंबई ने आंध्र प्रदेश को 25-08,25-14 से, तेलंगाना ने मध्य प्रदेश को 25-20,25-21 से, पश्चिम बंगाल ने जम्मू एंड कश्मीर को 25-16,25-10 से, हरियाणा ने उत्तर प्रदेश को 25-12,25-06 से, महाराष्ट्र ने झारखंड को 25-05,25-15 से, मुंबई ने राजस्थान को 25-19,25-10 से, पश्चिम बंगाल ने दिल्ली को 25-11,25-13 से तेलंगाना ने पंजाब को 25-12,25-17 से, उत्तर प्रदेश ने झारखंड को 25-16,25-13 से, हरियाणा ने महाराष्ट्र को 25-10,25-12 से पराजित किया। सब जूनियर बालिका वर्ग में झारखंड ने हरियाणा को 25-12,25-17 से, छत्तीसगढ़ ने उत्तर प्रदेश को 25-01, 25-09 से, कर्नाटक ने मुंबई को 25-11,25-11 से, पश्चिम बंगाल ने दिल्ली को 25-15,25-05 से, राजस्थान ने आंध्र प्रदेश को 25-10,25-12 से, बिहार ने तेलंगाना को 25-16,26-24 से, मध्य प्रदेश ने हिमाचल प्रदेश को 25-09,25-13, से, हरियाणा ने उत्तर प्रदेश को 25-03,25-01 से, झारखंड ने छत्तीसगढ़ को 25-10,25-13 से, कर्नाटक ने पश्चिम बंगाल को 25-04,25-10 से, मुंबई ने दिल्ली को 25-11,25-13 से, राजस्थान ने पंजाब को 25-11,25-10 से, तेलंगाना ने मध्य प्रदेश को 25-17,25-08 से, बिहार ने हिमाचल प्रदेश को 25-01,25-04 से पराजीत किया। सीनियर फेडरेशन कप के पुरुष वर्ग में छत्तीसगढ़ ने चंडीगढ़ को 25-02,25-03 से, पंजाब ने महाराष्ट्र को 25-17, 25-17 से, हरियाणा ने बिहार को 25-11,25-11 से, तमिलनाडु ने आंध्र प्रदेश को 25-12,25-17 से पंजाब ने चंडीगढ़ को 25-04,25-02 से, छत्तीसगढ़ ने महाराष्ट्र को 25-11,25-13 से, हरियाणा ने आंध्र प्रदेश को 25-14,25-10 से, तमिलनाडु ने बिहार को 25-18,25-19 से, छत्तीसगढ़ ने पंजाब को 25-08,25-21 से, महाराष्ट्र ने चंडीगढ़ को 25-03,25-12 से, तमिलनाडु ने हरियाणा को 25-21,25-19 से पराजित किया। सीनियर महिला वर्ग में हरियाणा ने तेलंगाना को 25-12,25-07 से, कर्नाटक ने राजस्थान को 25-16,25-12 से, छत्तीसगढ़ ने झारखंड को 25-09,25-09 से, तमिलनाडु ने आंध्र प्रदेश को 25-13,25-10 से, हरियाणा ने कर्नाटक को 25-15,25-18 से राजस्थान ने तेलंगाना को 25-13,25-20 से, तमिलनाडु ने झारखंड को 25-13,25-14 से, छत्तीसगढ़ ने आंध्र प्रदेश को 25-10,25-08 से, हरियाणा ने राजस्थान को 25-12,25-12 से, कर्नाटक ने तेलंगाना को 25-06,25-13 से पराजित किया।



## सिटी स्पोर्ट्स

### सीएससीएस का महिला क्रिकेट टीम के लिए ट्रायल 5 अप्रैल से



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) की ओर से महिला क्रिकेट खिलाडियों हेतु ट्रायल का आयोजन 5, 6 तथा 7 अप्रैल को किया जा रहा है। यह छत्तीसगढ़ क्षेत्र से नई प्रतिभाओं को सामने लाने का प्रयास है। ट्रायल अंडर-15, अंडर-19, अंडर-23 तथा सीनियर आयु वर्ग के लिये आयोजित होगा। ट्रायल का आयोजन जिले अनुसार 5 स्थानों पर किया जायेगा। इनमें 5 अप्रैल को महात्मा गांधी स्टेडियम, अंबिकापुर जशपुर, सरगुजा तथा कोरिया, 6 अप्रैल न्यू क्रिकेट ग्राउंड कांकेर दंतेवाडा, बस्तर, नारायणपुर, कांकेर तथा धमतरी, 6 अप्रैल रेलवे क्रिकेट मैदान, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़ तथा जांजगीर चांपा 7 अप्रैल क्रिकेट क्लब ऑफ राजनांदगांव, बसंतपुर रोड, राजनांदगाव, दुर्ग, राजनांदगांव तथा कवर्धा 7 अप्रैल मनी ग्रीव क्रिकेट एकेडमी, वी.आई.पी. रोड, फुंडहर, रायपुर, महासमुंद, भिलाई तथा बीएसपी ट्रायल सुबह 07 बजे से शुरू होगा। ट्रायल हेतु विभिन्न आयु वर्गों हेतु कट ऑफ तारीख तय की गई है। जिसमें अंडर-15 जन्म दिनांक 01/09/2010 से 31/08/2013 को या उसके बाद, अंडर-19 जन्म दिनांक 01/09/2006 को या उसके बाद, अंडर-23 जन्म दिनांक 01/09/2002 को या उसके बाद है। ट्रायल हेतु खिलाडियों को संबंधित जिला संघ में ऑनलाइन पंजीयन कराना अनिवार्य है। सभी खिलाडियों को ट्रायल के पूर्व संबंधित जिला संघ से पंजीयन कराना होगा। सभी खिलाडियों को रंगीन ड्रेस में आना होगा तथा अपनी किट साथ लानी होगी। ट्रायल सफेद बॉल से होगी।

### नेशनल क्रिकेट एकेडमी कैंप के लिए छत्तीसगढ़ से तीन खिलाडियों का चयन



आर्यन सिंह | यथार्थ सिंह | वेदांत जैन

**रायपुर।** ऑल इंडिया जूनियर चयन समिति द्वारा नेशनल क्रिकेट एकेडमी के अंडर-16 एलिट कैंप हेतु छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के 3 खिलाडियों का चयन किया गया है। उक्त कैंप 18 अप्रैल से 14 मई तक विभिन्न जोनल क्रिकेट एकेडमी मे आयोजित किया जायेगा। इनमें वेदांत जैन – जयपुर, आर्यन सिंह – मुंबई और यर्थाथ सिंह चौहान पुणे में प्रशिक्षण लेंगे। उक्त खिलाडी बीसीसीआई के विषेशज्ञों के अधीन प्रशिक्षण प्राप्त करेगें। जिसमें तकनीकी तथा शारीरिक प्रशिक्षण भी शामिल है।

### वुडबॉल नेशनल चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ ने जीते कुल 13 मेडल



**रायपुर।** नागपुर में आयोजित वुडबॉल नेशनल चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने अपनी शानदार प्रदर्शन से राज्य का नाम रोशन किया है। 23 से 26 मार्च तक चले इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की टीम ने कुल 3 गोल्ड, 4 सिल्वर और 6 ब्रॉन्ज मेडल जीते। टीम में गरियाबंद के कलेक्टर दीपक अग्रवाल भी शामिल थे, जिन्होंने सीनियर केटेगरी में 1 गोल्ड और 1 ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया।

नागपुर में आयोजित इस 4 दिवसीय नेशनल चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ वुड बॉल संघ से सीनियर और जूनियर कैटेगरी में 20 से ज्यादा खिलाड़ियों ने भाग लिया. गरियाबंद कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने अपने शानदार प्रदर्शन से सीनियर स्ट्रोक डबल कैटेगरी में गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने महज 22 स्ट्रोक में 6 गेट पार कर यह सम्मान प्राप्त किया। वहीं सिंगल कैटेगरी में उन्होंने टॉप 6 खिलाड़ियों में ब्रॉन्ज मेडल भी जीता। इसके अलावा, दीपक अग्रवाल की टीम के विपुल कुमार दास, दुर्गा भोईहर और शालिनी केवट की जोड़ी ने स्ट्रोक इवेंट में गोल्ड मेडल हासिल किया।


राजधानी के खिलाड़ी जयेश तिवारी ने प्रदेश का नाम रोशन करते हुए शानदार प्रदर्शन कर ब्रांज मेडल जीता है। छत्तीसगढ़ के लिए मेडल जीतने में जयेश तिवारी समेत आकाश दुबे, अभिशेष पांडेय, विशाल पोपाट, शैलेश वर्मा, श्रृंगी, आफताब, पूजा चौधरी, नवीन गुप्ता, पूजा साहू, चंचल खुटे, अरना कुलश्रेष्ठ, पुष्कर साहू, दिव्या भगत, मनुप्रिया खेमका, शिवानी, और सुनीता बघेल का योगदान अहम रहा। इन खिलाड़ियों ने सीनियर और जूनियर केटेगिरी में डबल और सिंगल इवेंट्स में भाग लेकर मेडल जीते।

### कोरोना काल में वर्क फ्रॉम होम की आदत पड़ने से सामने आ रही परेशानियां

# खतरनाक है देर तक एक ही जगह बैठकर काम करना, हो सकती हैं बहुत सी शारीरिक समस्याएं

कोरोना काल के बाद अधिकतर कंपनियों ने वर्क-फ्रॉम होम की सुविधा दी थी। ऐसे में एम्पलाई घर पर ही टेबल-कुर्सी पर बैठकर लैपटॉप से काम कर रहे हैं। कोरोना के बीतने के बावजूद कई कंपनियां ऐसी है जो अपने एम्पलाई को अभी भी घर से काम करने की सुविधा दे रही है। लेकिन घर से काम करने के कारण ऑफिस टाइमिंग बढ़ गई है। पहले के 8-9 घंटों के मुकाबले यह समय बढ़कर 10-12 घंटे तक हो गया है।

हालांकि कुछ ऑफिस की तरफ से एम्पलाई को कंफर्टेबल फर्नीचर भी उपलब्ध कराए गए हैं। कुछ लोग घर में मौजूद फर्नीचर से ही काम कर रहे हैं। डेस्क पर लंबे समय तक बैठे रहने के दौरान पोश्चर बिगड़ने से कई शारीरिक समस्याएं हो सकती हैं। रिसर्च से यह साफ हो चुका है कि लंबे समय तक बैठने से कई तरह की सेहत संबंधी जटिलताएं हो सकती हैं। लंबे समय तक एक ही जगह बैठने से मसल्स टाइट हो जाते हैं। इसका असर यह होता है कि शरीर के विभिन्न हिस्सों में दर्द शुरू हो जाता है। जिससे लोगों को नेक स्टेचिंग,शोल्डर स्ट्रेचिंग,रिस्ट/कलाई स्ट्रेचिंग,लोअर बैक स्ट्रेचिंग,एंकल स्ट्रेचिंग और हिप स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज का सहारा लेना पड़ता है। साथ ही डेस्क जॉब और दिनभर कुर्सी पर बैठने वालों को शरीर की अकड़न दूर करने और फ्लेग्जिबल बने रहने के लिए स्ट्रेचेस करना पढ़ते है।



### कम ऊर्जा खर्च होना

यदि कोई लंबे समय तक एक ही जगह बैठता है तो उसकी नॉन-एक्सरसाइज एक्टिविटी कम हो जाती है। थर्मोजेनेसिस आमतौर पर एक्सरसाइज की तुलना में कुल एनर्जी एक्सपेंडिचर / व्यय का बड़ा सोर्स होता है। यदि कोई कोई चलेगा-फिरेगा नहीं और लंबे समय तक बैठा रहेगा तो यह एनर्जी व्यय कम हो जाएगा। इससे मोटापा, मेटाबॉलिक सिंड्रोम, टाइप 2 डायबिटीज और हृदय रोग जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

### स्लो मेटाबॉलिज्म

लंबे समय तक बैठने वाले लोगों का मेटाबॉलिज्म स्लो हो जाता है। लगातार बैठे रहने से मसल्स कॉन्ट्रेक्शन में कमी आ जाती है, लंबे समय तक स्थिर बैठने से होती है। इससे ब्लड से फैट निकासी धीमी हो जाती है और इंसुलिन का प्रभाव भी कम हो जाता है। इस कारण से लोगों का मेटाबॉलिज्म स्लो हो जाता है और वजन भी बढ़ने लगता है।



### कंप्रोमाइज्ड पोश्चर

बैठने से पेल्विक मसल्स पीछे की ओर घूमता है, जिससे डिस्क पर दबाव आता है। यह स्थिति सिर को आगे की ओर ले जाती है और वजन ट्रांसफर करने के लिए कंधे मुड़ जाते हैं। इससे आपका शरीर आगे की ओर झुका हुआ प्रतीत होता है। लंबे समय तक ऐसा होने से शरीर आगे की ओर झुक जाएगा और बॉडी पोश्चर गलत हो जाएगा।

### पीठ और रीढ़ की चोट



लंबे समय तक एक जगह बैठने से टिश्यूज पर पड़ने वाला दबाव समय के साथ पीठ के निचले हिस्से पर अनुचित दबाव डालता है। आसपास की मांसपेशियों और जोड़ों पर दबाव डालता है। इससे दर्द शुरू हो जाता है जो कि आगे चलकर गंभीर हो सकता है।

### अकेलापन या अवसाद

जब कोई लंबे समय तक बैठकर काम करता है तो उसकी सोशल लाइफ कम हो जाती है। ऐसे व्यक्ति में अवसाद और अकेलेपन की भावनाएं बढ़ जाती हैं। डेस्क पर लंबे समय तक बैठे रहने का मतलब यह भी है कि आप शायद पर्याप्त बाहर नहीं निकल रहे हैं। धूप की कमी व्यक्ति में विटामिन डी की कमी का कारण बन सकती है। यह अवसाद का कारण भी बन सकती है।

काम करते समय गलत तरीके से बैठने या डेस्क पर लंबे समय तक बैठने से पीठ के निचले हिस्से के दबाव में अत्यधिक वृद्धि हो जाती है।



## किचन में बैठकर भोजन करने पर जानिए ज्योतिषीय राय

ज्योतिषशास्त्र में न जाने कितने ऐसे नियम बनाए गए हैं जो हमारे दैनिक जीवन से जुड़े हुए होते हैं। ऐसे ही नियमों में से हैं खाने से जुड़ी कई बातें। खाना हमेशा साफ़ तन और मन से खाना चाहिए, भोजन से पहले मंत्रोच्चारण जरूर करना चाहिए, भोजन से पूर्व हमेशा हाथों और पैरों को धोना चाहिए। ऐसे कई नियम हैं जो हम नियमित भोजन करते समय ध्यान में रखते हैं जिससे इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ सके। एक और सबसे ज्यादा चर्चित सवाल यह उठता है कि क्या किचन में बैठकर खाना खाना ठीक है? जी हां, आज भी कई ऐसे घर हैं जहां लोग किचन में बैठकर भोजन करते हैं या फिर खाने और खाना बनाने का स्थान एक ही जगह पर होता है।

लेकिन अगर हम ज्योतिष की बात करें तो क्या वास्तव में किचन में भोजन करना ठीक है या इसके कोई नुकसान भी हो सकते हैं। इस सवाल का जवाब जानने के लिए हमने नारद संचार के ज्योतिष अनिल जैन जी से बात की। आइए उनसे जानें कि ऐसा करना वास्तव में ठीक है या नहीं।

### किचन में बैठकर खाना राहु को प्रसन्न करने का तरीका

पहले के समय में लोग किचन में बैठकर ही खाना खाते थे। आज भी यदि हम ग्रामीण परिवेश में जाते हैं तो रसोई घर



में ही खाना खाने का प्रचलन है। दरअसल ज्योतिष में इसका बहुत अधिक महत्व है और इसका संबंध राहु ग्रह से माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि राहु यदि अप्रसन्न है तो इसका सीधा असर हमारे जीवन और स्वास्थ्य में पड़ता है। इस ग्रह को शांत करने और खुश करने के लिए रसोई में बैठकर भोजन करने की सलाह दी जाती है। ऐसा माना जाता है कि यदि कोई भी किचन में बैठकर शुद्धता से भोजन करता है तो उस पर कभी भी राहु का बुरा प्रभाव नहीं पड़ता है। इसी वजह से कई घरों में किचन के साथ ही डाइनिंग एरिया होता है।

### परिवार के लोगों के बीच सामंजस्य बढ़ता है

जब किचन के भीतर हम एक साथ भोजन करते हैं तो परिवार के लोगों के बीच सामंजस्य स्थापित करने में मदद मिलती है। वास्तव में प्राचीन काल में परिवारों के बीच अच्छी बॉन्डिंग होने का एक बड़ा कारण यही था कि लोग एक साथ रसोई में बैठकर खाना खाते थे और अपनी पूरे दिन की गतिविधियां साझा करते थे।

आज भी ज्योतिष में ऐसी सलाह दी जाती है कि परिवार के बीच के मतभेद को दूर करने के लिए सभी लोग एकसाथ बैठकर भोजन करें और यदि रसोईघर में भोजन करेंगे तो आपके और परिवार के लिए अच्छा होगा।

ज्योतिष की मानें तो जमीन में बैठकर खाना खाना कई तरह से फायदेमंद होता है। जब आप सीधे जमीन पर बैठकर खाना खाते हैं, तो शरीर पृथ्वी के सीधे ही संपर्क में आता है और उसकी तरंगें शरीर में प्रवेश करती हैं।



## शंख को घर पर रखने का है नियम



वास्तु दोष निवारण के लिए शंख अत्यधिक प्रभावी माना गया है। शंख को भगवान विष्णु का प्रिय माना गया है। समुद्र मंथन में शंख की उत्पत्ति हुई थी, जिसे श्रीहरि ने अपने हाथ में धारण किया। इसलिए इसे विष्णु का प्रतीक मानकर पूजा की जाती है।

### मां लक्ष्मी का निवास:

मान्यता है कि जहां शंख होता है, वहां धन और समृद्धि की देवी लक्ष्मी का स्थायी वास होता है। इसलिए इसे घर में रखने से सुख-समृद्धि बनी रहती है।

शंख ध्वनि से नकारात्मक ऊर्जा का नाश:

शंख बजाने से उत्पन्न ध्वनि तरंगें वातावरण को शुद्ध करती हैं। शास्त्रों में कहा गया है कि शंखध्वनि से नकारात्मक शक्तियां और बुरी ऊर्जा दूर होती है।

### वास्तु दोष निवारण में शंख का उपयोग

मुख्य द्वार पर शंख रखने से सुरक्षा:

यदि घर के मुख्य द्वार पर वास्तु दोष हो, तो वहां शंख रखना शुभ माना जाता है। इससे घर में आने वाली नकारात्मक ऊर्जा निष्क्रिय हो जाती है और शुभ ऊर्जा का प्रवाह बढ़ता है।

### शंख जल का छिड़काव

वास्तु दोष निवारण के लिए शंख में जल भरकर पूरे घर में छिड़काव करना अत्यंत लाभकारी होता है। इससे घर का वातावरण पवित्र होता है और नकारात्मकता समाप्त होती है।

### शयनकक्ष में शंख रखने से वैवाहिक सुख:

यदि दांपत्य जीवन में तनाव है, तो शयनकक्ष में दक्षिणावर्ती शंख रखने से प्रेम और सौहार्द बना रहता है।

दुकान या कार्यस्थल में शंख रखने से व्यापार में वृद्धि होती है। विशेष रूप से दक्षिणावर्ती शंख को तिजोरी में रखने से धन-संपत्ति की वृद्धि होती है।

### उत्तर-पूर्व दिशा में शंख रखने से सकारात्मक ऊर्जा:

वास्तु शास्त्र के अनुसार घर के उत्तर-पूर्व दिशा (ईशान कोण) में शंख में जल भरकर रखने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

### शंख से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण नियम

पूजा में केवल समुद्र से प्राप्त शंख का ही प्रयोग करना चाहिए। शंख में जल भरकर भगवान को अर्पित करने से देवी-देवताओं की कृपा प्राप्त होती है। टूटा या खंडित शंख घर में नहीं रखना चाहिए। शंख को हमेशा साफ और पवित्र स्थान पर रखें।

## हथेली पर बनने वाला हंस योग आकर्षित करता है धन-दौलत

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार जिन लोगों के हाथ में हंस योग होता है, वे अपार धन-संपत्ति अर्जित करते हैं और समाज में प्रतिष्ठा प्राप्त करते हैं। यह राजयोग व्यक्ति को भौतिक सुख-सुविधाओं से भरपूर जीवन प्रदान करता है। आइए जानते हैं कि यह योग कैसे बनता है।



किसी व्यक्ति की प्रगति उसकी मेहनत और भाग्य दोनों पर निर्भर करती है। कुछ लोग ऊंचाइयों को छू लेते हैं, जबकि कई निरंतर प्रयास करने के बावजूद भी उतनी सफलता नहीं प्राप्त कर पाते। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार जिन लोगों के हाथ में हंस योग होता है, वे अपार धन-संपत्ति अर्जित करते हैं और समाज में प्रतिष्ठा प्राप्त करते हैं। यह राजयोग व्यक्ति को भौतिक सुख-सुविधाओं से भरपूर जीवन प्रदान करता है। आइए जानते हैं कि यह योग कैसे बनता है।

### हंस योग का निर्माण कैसे होता है?

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, यदि किसी व्यक्ति की हथेली में गुरु पर्वत उन्नत हो, तर्जनी उंगली अनामिका से लंबी हो और हथेली पर क्रॉस के अतिरिक्त कोई अन्य निशान न हो, तो यह हंस योग का निर्माण करता है। यह योग व्यक्ति के भाग्य को मजबूत करता है और उसे उन्नति के मार्ग पर ले जाता है।

### देव गुरु बृहस्पति का प्रभाव

हंस योग पंचमहापुरुष योगों में से एक माना जाता है, जिसका निर्माण देव गुरु बृहस्पति के प्रभाव से होता है।

कार्नर न्यूज

### आयुर्वेद में मौजूद है इस समस्या का निराकरण

# पेट की चर्बी को कम करने अपनाएं जरूरी उपाय सेहतमंद रहने के लिए आयुर्वेद बताता है कई रास्ते

पेट की चर्बी से आज के वक्त में काफी महिलाएं परेशान हैं। कई बार सही डाइट, एक्सरसाइज और भी कई कोशिशों के बाद पेट की जिद्दी चर्बी टस से मस नहीं होती है। जंक और अनहेल्दी फूड से दूरी बनाने से लेकर डाइट में हेल्दी और पौष्टिक चीजों को शामिल करने तक, अगर आप सब जतन कर चुके हैं, लेकिन आपका बेली फैट कम नहीं हो रहा है, तो आपको कुछ आयुर्वेदिक टिप्स की मदद लेनी चाहिए।

बता दें कि आयुर्वेद इंसान के शरीर की प्रकृति के हिसाब से बेली फैट को कम करने में मदद करता है। बेली फैट का शरीर में मौजूद तीनों दोषों से क्या कनेक्शन है, बेली फैट को कम करने के लिए किन आयुर्वेदिक टिप्स की मदद लेनी चाहिए, इस बारे में डॉक्टर शिखा शर्मा से जानते हैं। डॉक्टर शर्मा ने दिल्ली से पढ़ाई की है। वैदिक और मॉर्डन न्यूट्रिशन को फॉलो कर वह लोगों को सही डाइट चुनने और हेल्दी रहने में मदद करती हैं।

### आयुर्वेद के अनुसार बेली फैट का कारण

बेली फैट के पीछे कई वजहे हो सकती हैं। अगर बात आयुर्वेद की करें, तो आयुर्वेद चिकित्सा का पूरा सिध्दान्त, शरीर में मौजूद तीन दोषों वात, पित्त और कफ के संतुलन



पर निर्भर करता है। इनमें असंतुलन होने पर शरीर को कई बीमारियां घेर लेती हैं। अगर शरीर में कफ दोष बढ़ जाता है, तो यह मोटापे के कारण होता है। अगर आप जरूरत से ज्यादा मीठा, नमकीन खाती हैं और लाइफस्टाइल सही नहीं है, तो इससे कफ दोष असंतुलित हो जाता है और बेली फैट बढ़ जाता है।

बेली फैट को कम करने के आयुर्वेदिक टिप्स

बेली फैट को कम करने के लिए डाइट में ज्यादा मीठी, ऑयली, जंक और स्टार्च शामिल नहीं करना चाहिए। आयुर्वेद के अनुसार, डिनर का समय 6.30-7 बजे के बीच होना चाहिए। हमारी बायलॉजिकल क्लॉक और दोष प्रकृति के अनुसार, यह डिनर करने का सबसे सही समय है। इसके अलावा, पानी की सही मात्रा और टेम्परेचर, कफ दोष को इंबैलेंस करता है और बेली फैट को बढ़ाता है।

शरीर में जमे हुए फैट या बिना पचे हुए खाने को शरीर से निकालने के लिए गुनगुना पानी जरूरी होता है। बेली फैट को कम करने के लिए दालचीनी या जीरे का पानी पीना चाहिए। पेट की चर्बी को कम करने के लिए फिजिकल एक्सरसाइज जैसे रनिंग, वॉकिंग, ब्रिस्क वॉकिंग बहुत जरूरी है।

आयुर्वेद के अनुसार, इन एक्सरसाइज को करने से बॉडी से हीट निकलती है और कफ दोष कम होता है। वहीं, स्ट्रेस लेवल को कम करने के लिए योग, मेडिटेशन और प्राणायाम जरूरी है। इसके अलावा, कम से कम 6 घंटे की नींद बहुत जरूरी है। अगर आप रात में जरूरत से ज्यादा सोते हैं या फिर दिन में सोती हैं, तो इसका असर कफ दोष पर होता है और मेटाबॉलिज्म पर असर पड़ता है, जिससे बेली फैट कम होता है।



# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### 'रीचर' की तीसरी किस्त के दौरान बेसुध हुए एलन, बोले- मुझे जोर से टेबल पर पटक दिया



हॉलीवुड एक्टर रिचसन इन दिनों अपनी सीरीज 'रीचर' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। यह दर्शकों की पसंदीदा एक्शन सीरीज में से एक है, जो अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है। हाल ही में, रिचसन ने सीरीज के आखिरी एपिसोड में एक एक्शन सीन के दौरान बेसुध होने की बात कबूली है।

एएनआई की एक खबर के मुकाबिक, रिचसन ने कहा कि एक सीन के दौरान उन्हें उठाकर मेज पर जोर से पटक दिया गया, जिससे वह डेढ़ दिन तक बेहोश रहे। जब वह होश में आए, तो उन्हें अपने बच्चों को यह बताना पड़ा कि वह ठीक हैं, क्योंकि उस सीन के दौरान उनके बच्चे भी सेट पर मौजूद थे और वह नहीं चाहते थे कि वे डर जाएं। उन्होंने इसे अपने जीवन का सबसे बुरा पल बताया।

रिचसन ने आगे बताया कि उनकी टीम इस सीन के खिलाफ थी, क्योंकि उन्हें चोट लगने का डर था। फिर भी, रिचसन ने सीन खुद करने का फैसला किया क्योंकि वह चाहते थे कि दर्शक देखें कि वह यह उनके लिए यह जोखिम उठा रहे हैं। उन्होंने कैमरे को अपने चेहरे पर फोकस रखते हुए सीन शूट करने का सुझाव दिया, ताकि यह सबकुछ असली लगे। उनकी टीम ने स्टंटमैन का इस्तेमाल करने की सलाह दी, लेकिन रिचसन नहीं माने और उसके बाद जो हुआ वो आपको पता ही है। 'रीचर सीजन 3' में एलन रिचसन के अलावा ओलिवियर रिचर्स ने भी अहम भूमिका निभाई है। सीरीज को लेकर ओलिवर ने बताया कि इस सीजन की तैयारी के लिए उन्होंने पूरे चार महीने तक कड़ी तैयारी की।

## टॉलीवुड


### पवन की 'उस्ताद भगत सिंह' बड़े परदे पर आएगी 2026 में



मैत्री मूवी मेकर्स के निर्माता रविशंकर ने हाल ही में साफ किया कि हरीश शंकर द्वारा निर्देशित फिल्म उस्ताद भगत सिंह को बंद नहीं किया गया है। उन्होंने इसकी रिलीज पर भी अपडेट साझा किया। मेकर्स की मानें तो 2026 में धूमधाम से इसकी रिलीज की तैयारी है। पवन कल्याण की हरीश शंकर के साथ 'उस्ताद भगत सिंह' 2022 में घोषित होने के बाद से ही अधर में लटकी हुई लग रही थी। हाल ही में इस फिल्म के बंद होने की भी चर्चा थी। अब मैत्री मूवी मेकर्स के निर्माता रविशंकर ने इन अफवाहों को खारिज कर दिया। 2026 में प्रोडक्शन हाउस की विशाल लाइन-अप के बारे में हाल ही में प्रेस से बात करते हुए रविशंकर ने उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि कैसे उनके पास प्रशांत नील के साथ जूनियर एनटीआर की फिल्म, बुच्ची बाबू सना के साथ राम चरण की 'पेड्डी' , हनु राघवपुडी के साथ प्रभास की फिल्म, प्रशांत वर्मा के साथ ऋषभ शेट्टी की 'जय हनुमान' और राहुल सांकृत्यायन के साथ विजय देवरकोंडा की फिल्म है। पवन की फिल्म के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, 'कल्याण गारू की फिल्म अगले साल रिलीज होगी। जब उनकी फिल्म रिलीज होगी तो किसी भी पैन-इंडिया फिल्म की चर्चा की तुलना नहीं की जा सकती। हरीश शंकर गारू ने स्क्रिप्ट को लॉक कर दिया है। यह असाधारण है। हम कल्याण गारू द्वारा हमें इसके लिए तारीखें देने का इंतजार कर रहे हैं। हम इसे इस साल पूरा करेंगे और अगले साल किसी भी कीमत पर रिलीज करेंगे।' प्रशंसक यह जानकर रोमांचित थे कि फिल्म को बंद नहीं किया गया था। 'उस्ताद भगत सिंह' एटली की 2016 की विजय-स्टारर 'थेरी' का रूपांतरण है, जिसे हाल ही में 'बेबी जॉन' के नाम से हिंदी में रीमेक किया गया था।

## भोजपुरी

### पवन-नम्रता के गाने के 24 घंटे में 20 लाख व्यूज पार, सिजलिंग डांस से इंटरनेट पर मचा बवाल



भोजपुरी संगीत के पावर स्टार पवन सिंह और नम्रता मल्ला का नया गाना 'कमर दबादी' यूट्यूब पर धूम मचा रहा है। यह गाना यूट्यूब ट्रेंडिंग में 5वें नंबर पर पहुंच गया है। पवन सिंह ने कहा कि यह गाना युवाओं को नई एनर्जी और मस्ती से भर देने वाला है। इस गाने में शिल्पी राज ने भी गाया है।

भोजपुरी संगीत जगत के पावर स्टार पवन सिंह और सिजलिंग स्टार नम्रता मल्ला का नया गाना 'कमर दबादी' यूट्यूब पर धूम मचा रहा है। यह गाना 24 घंटे से भी कम समय में यह यूट्यूब ट्रेंडिंग में 5वें नंबर पर पहुंच गया है। ₹कमर दबादी₹ गाने का विजुअल और संगीत दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। गाने की धुन और कोरियोग्राफी ने इसे युवाओं के बीच खासा लोकप्रिय बना दिया है। पवन सिंह और नम्रता मल्ला की जोड़ी ने एक बार फिर अपने फैंस का दिल जीत लिया है।

पवन सिंह ने अपने नए गाने 'कमर दबादी' को लेकर कहा कि 'यह गाना युवाओं के लिए एक ताज़ा एनर्जी और मस्ती भरा ट्रीट है। यह गाना युवाओं के लिए बनाया गया है। इस गाने की धुन, बीट्स और कोरियोग्राफी सभी कुछ ऐसा है जो युवाओं को पसंद आएगा। हमने इस गाने में नई एनर्जी और फ्रेशनेस लाने की कोशिश की है। मुझे उम्मीद है कि यह गाना फैंस को पसंद आएगा और वे इसे खूब एंजॉय करेंगे।'

## बोल्ड और ब्राइट

फैशन के मामले में 2025 रंगों से दूर नहीं है। वास्तव में, चमकीले रंग इस साल फैशन उद्योग का प्रमुख चलन बन चुके हैं। फ्यूशिया, पीला और हरे रंग के कई शेड्स जैसे रंग प्रमुखता से उबर रहे हैं। यह फैशन की भावनाओं और मूड को सेट करने की क्षमता को उजागर करता है। चमकीले रंग मूड और उत्साह को बढ़ाते हैं।



लाइफ

# आपकी होने वाली है शादी तो देख लें कुछ खास ब्राइडल बन डिजाइन

शादी का दिन हर लड़कियों के लिए बेहद ही खास होता है और इस दिन को और भी खास बनाने के लिए हेयर स्टाइल का खास ध्यान देती है अगर आप भी अपनी शादी के लिए हेयर स्टाइल के बारे में सोच रहे हैं और आपको समझ में नहीं आ रहा है क्या हेयर स्टाइल बनाए तो यह ब्राइडल बन अपने बालों बना सकते हैं जो कि आपके लिए सबसे बेहतरीन ऑप्शन हो सकती है ।

यहां पर हम आपके लिए कुछ ट्रेंडी और स्टाइलिश ब्राइडल बन डिजाइन लेकर आए हैं जो कि आप अपनी शादी बन सकते हैं या फिर रिसेप्शन के अलावा आने किसी खास ओकेजन पर बनाएंगे तो आप और भी खूबसूरत दिखेंगे कोई सा भी एथेनिक वेयर पर वन बेहद सुंदर दिखती है और अगर आप कुछ इस प्रकार से बन अपने बालों में बनाते हैं तो आप सबसे अलग और डिफरेंट दिखने वाले है। यह हैवी पर्ल बीड्स डिजाइन आपके लिए बेहतरीन विकल्प है जो कि खासकर दुल्हनों के लिए खास तौर पर अगर आपकी इंगेजमेंट है तो डेफिनेटली इस तरह के हेयरस्टाइल को बना सकते हैं इसमें ढेर सारे पर्ल को लगाया गया है साथ में फ्लावर के साथ ही डिजाइन को बनाया गया है और काफी यूनिक और डिफरेंट दिख रही है और पर दुल्हन पर इस तरह के बन काफी सुंदर दिखती है ।

इंटरनेशनल हेयरस्टाइल अभी कुछ ज्यादा ही ट्रेंड में है, इसे बालों में पर्ल लगे होता है जो इसमें सजाने के लिए फ्लावर का इस्तेमाल करता है यह आजकल कुछ ज्यादा पसंद किया जा रहा है जैसे इंगेजमेंट



हो या फिर शादी वगैरा के लिए भी इस तरह के बन एकदम परफेक्ट है और आपको डिफरेंट और यूनिक लुक देने के लिए काफी है।

कोई ड्रेस पहन रहे हैं, यानी की इंगेजमेंट हो या फिर किसी की शादी में जो की सिल्वर कलर में आप ड्रेस पहन रहे हैं क्रिस्टल वगैरा वर्क वाले तो ऐसे में चाहते हैं कुछ डिफरेंट बन बनाना क्योंकि इस तरह के आउटफिट पर फ्लावर वाले हेयरस्टाइल देखने में उतनी अच्छी नहीं लगती है तो ऐसे में आप इस तरह के पर्ल को लगाकर बाल को बना सकते हैं जो की देखने में काफी आकर्षक और मॉडल लगती है यह सिल्वर जैसे जो की वर्क वाले होते हैं उसे तरह के ड्रेस के साथ कही जाती है और आपको एक अलग और यूनिक लुक देने के लिए एकदम काफी है।

# जींस और ट्रॉउज़र पर पहनने शॉर्ट कुर्ती हैं सबसे पसंदीदा, मिलेगा कमाल का लुक



इन दिनों शॉर्ट कुर्ती का काफी फैशन चल रहा है और यह आरामदायक होने के साथ ही स्टाइलिश लगती है और आप शॉर्ट कुर्ती को जींस ट्राउजर के साथ पहन सकते हैं और एक शानदार लुक पा सकते हैं। शॉर्ट कुर्ती देखने में बेहद आकर्षक लगती हैं और यह लगभग हर लड़कियां पर अच्छी लगती है। तो आप चाहे तो कैजुअल या फिर ऑफिस लुक के लिए शॉर्ट कुर्ती को ले सकते हैं यह आपके लिए परफेक्ट होती है।



### कॉटन प्रिंटेड कुर्ती

कॉटन प्रिंटेड शर्ट कुर्तियां काफी फैशन में है और आप इसे घर में पहनने के लिए ले सकते हैं। जो कि सॉफ्ट और लाइट फैब्रिक है इसलिए बेहद ही आरामदायक होती है। इस तरह कुर्ती प्रिंटेड होती जैसे कि फ्लोर या फिर ब्लॉक प्रिंट होती है। इस कुर्ती को आप ट्राउजर के साथ पहन सकते हैं। और अगर आप ऑफिस जा रहे हैं तो कैजुअल डे के लिए आप इसे पहन सकते हैं। यह कुर्ती आपके लिए एक बेहतरीन ऑप्शन है। इसके साथ आप स्टाइलिश बैग फ्लैट को स्टाइल करके लुक को कंप्लीट कर सकती है।

### ग्रीन शॉर्ट कुर्ता

ग्रीन में आप यह लाइट ग्रीन शॉर्ट कुर्ती ले सकते हैं की हर स्किन पर बेहद अच्छा लगता है और खासकर गर्मी का मौसम भी यह शानदार दिखता है। ग्रीन शेड्स में जैसे लाइट ग्रीन या फिर ओलिव ग्रीन बभी अच्छी लगती है। आप इसमें अलग-अलग कलर के ट्राई कर सकते हैं शॉर्ट कुर्ती लुक में बेहद आकर्षक लगते हैं और आप इसे चंकी रिंग के साथ स्टाइल कर सकती है। साथ में एक ब्रेसलेट पहन सकते हैं। यह कुर्ती काफी कंफर्टेबल है और इस कुर्ती में नेक में थ्रेड वर्क किए गए हैं, जो की काफी प्यारी भी दिख रही है।

### ग्रीन शॉर्ट कुर्ता

क्रैप शॉर्ट कुर्ती एक शानदार और स्टाइलिश है जो की कंफर्टेबल के साथ ही फैशन का भी मेल है। यह कुर्ती बेहद ही आरामदायक दिखती है और आप इसमें बेहद स्मार्ट भी दिखाते हैं, अगर आप कॉटन के अलावा दूसरे फैब्रिक में ट्राई करना चाहते हैं तो यह कुर्ती भी आप ट्राई कर सकते हैं। इसे आप जींस ट्राउजर के साथ पहन सकती है।

# काले, घने और लंबे बाल के लिए घर पर बनाएं खास तेल

अगर आप भी अपने बालों को काला, घना और लंबा देखना चाहती हैं, तो आपको बालों की सही देखभाल और पोषण की आवश्यकता है। इस ब्लॉग में हम आपके लिए एक होममेड तेल रेसिपी लेकर आए हैं, जिसे आप घर पर बना सकती हैं और केवल 1 महीने में कमर तक लंबे बाल पा सकती हैं। यह तेल न केवल बालों की ग्रोथ को बढ़ाता है, बल्कि बालों को मुलायम, शाइनी और हेल्दी भी बनाता है।

एक छोटी कटोरी में नारियल तेल और बादाम तेल मिलाएं। फिर इसमें आंवला पाउडर और शिकाकाई पाउडर डालें। अब इसमें नींबू का रस डालें और अच्छे से मिलाकर तेल तैयार कर लें। इस तेल को अच्छे से मिक्स करके एक छोटे बर्तन में स्टोर कर लें।

इस तेल को हल्का गर्म करें, ताकि यह स्कैल्प में अच्छे से समा जाए। अब अपने बालों की जड़ों में अच्छी तरह से मालिश करें। मालिश से रक्त परिसंचरण बेहतर होता है, जिससे बालों की ग्रोथ बढ़ती है। मालिश करने के बाद, तेल को कम से कम 1 घंटे के लिए बालों में छोड़ दें। आप इसे रात भर भी छोड़ सकते हैं। बाद में अपने बालों को अच्छे



से माइल्ड शैम्पू से धो लें। इस तेल का उपयोग सप्ताह में 2-3 बार करें, और आपको 1 महीने के भीतर असर दिखाई देगा।

यह होममेड तेल आपके बालों की ग्रोथ को तेज करने के लिए एक बेहतरीन उपाय है। नारियल तेल, बादाम तेल, आंवला पाउडर, शिकाकाई पाउडर और नींबू का रस बालों के लिए बहुत फायदेमंद हैं। ये सभी सामग्री बालों को न सिर्फ घना और लंबा बनाती हैं, बल्कि इन्हें हेल्दी भी रखती हैं। अगर आप नियमित रूप से इस तेल का इस्तेमाल करती हैं, तो आपको अपने बालों में जबरदस्त परिवर्तन दिखेगा।

# पहनती हैं हिजाब तो ईद पर ऐसे हों तैयार, लुक्स होगा सबसे बेस्ट

मुस्लिम धर्म में हिजाब की काफी मान्यता है। इसी वजह से काफी महिलाएं और लड़कियां हिजाब बांधकर अपने सिर को कवर करके रखती हैं। जो महिलाएं हिजाब का इस्तेमाल करती हैं, उनके लिए त्योहारों के समय काफी परेशानी आ जाती है कि वो कैसे तैयार हों, कि सबसे खूबसूरत दिखें।

**प्लाजो सूट:** कुछ सिंपल लेकिन देखने में हैवी सूट पहनना है तो प्लाजो सूट का चयन करें। ऐसा प्लाजो सूट आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करेगा। नीले रंग के साथ सूट के साथ आप बेज रंग का हिजाब कैरी कर सकती हैं।

**शरारा सूट:** ईद पर ज्यादातर महिलाएं शरारा सूट पहनना पसंद करती हैं। यदि आपको भी शरारा पसंद है तो सबा के जैसा हरे रंग का शरारा पहनें। इसके साथ चाहें तो कॉन्ट्रास्ट रंग का हिजाब पहनें, ताकि आपका लुक अलग और प्यारा दिखे।

**चिकनकारी सूट:** गर्मी के मौसम में कुछ हल्का पहनना है चिकनकारी सूट से बेहतर कुछ नहीं है। चिकनकारी सूट के साथ उसी के मैचिंग का शरारा या प्लाजो भी आप कैरी कर सकती हैं। इसके साथ प्लाजो के



मैचिंग का हिजाब पहनें, ताकि आपका लुक अच्छा दिखे।

**नायरा कट सूट:** नायरा कट सूट आज-कल काफी ट्रेंड में है। इसलिए आप हिजाब के साथ ऐसा नायरा कट सूट भी ईद के दिन कैरी कर सकती हैं। इसके साथ मैचिंग की जगह कॉन्ट्रास्ट रंग का हिजाब पहनें। हाथों में चूड़ियां पहनकर अपने लुक को पूरा करें।

**फ्लोरल अनारकली:** गर्मी का मौसम है, ऐसे में ऐसा फ्लोरल अनारकली सूट भी ईद में पहन सकती हैं। फ्लोरल प्रिंट का सूट आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा देगा। इस तरह के शिफॉन फैब्रिक के सूट में आप लगेंगी भी काफी कमाल की।

## कार्नर न्यूज

## चैत्र नवरात्र में भक्ति के साथ आपके कपड़ों से भी झलकनी चाहिए सादगी

# नवरात्रि में दिखाएं सादगी भरा अंदाज, भक्तिमय माहौल में नौ दिन पहनें 9 अलग रंगों के सूट

हिंदू धर्म में चैत्र नवरात्रि का महत्व काफी ज्यादा है। हर साल चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से चैत्र नवरात्रि शुरू हो जाती है। इसी क्रम में इस साल नवरात्रि 30 मार्च से लेकर 6 अप्रैल तक रहेंगे। इसको लेकर लोग काफी उत्साहित रहते हैं। इन नौ दिनों में मां के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा की जाती है। यदि आपके घर भी मां के सभी स्वरूपों को पूजा जाता है तो आप नवरात्रि में नौ अलग रंगों के सूट पहनें। यहां हम कुछ ऐसे रंगों के बारे में आपको बताने जा रहे हैं, जो चैत्र नवरात्रि में पहने जा सकते हैं।

**लाल रंग:** माता रानी की पूजा की बात हो, और लाल रंग का जिक्र न हो, ऐसा तो हो ही नहीं सकता। यदि आप भी लाल रंग का सूट पहनकर माता रानी की पूजा करेंगी तो मां आपके अवश्य ही प्रसन्न होंगी।

**हरा रंग:** हरा रंग भी पूजा में काफी शुभ माना जाता है। इसलिए सुहानिग महिलाएं माता रानी की पूजा में हरे रंग का सूट पहन सकती हैं। इसमें आप चाहें तो चटक या फिर हल्का रंग अपने हिसाब से चुन सकती हैं।

**पीला रंग:** पूजा के समय पीला



रंग काफी शुभ माना जाता है। इसलिए नवरात्रि की पूजा के लिए आप पीले रंग का आउटफिट कैरी कर सकती हैं। शायद ही कोई ऐसी महिला होगी, जिसके पास पीले रंग का सूट न हो।

**बैंगनी रंग:** यदि आपके पास बैंगनी रंग सा सूट रखा है तो उसे भी नवरात्रि की पूजा के लिए निकाल लें। बैंगनी रंग भी माता रानी को काफी प्रिय है। इसे पहनते वक्त सही से स्टाइल करना न भूलें।

**सफेद रंग:** गर्मी के मौसम में सफेद रंग का सूट आपको काफी आराम पहुंचाएगा। इसे आप मंदिर जाते समय भी कैरी कर सकती हैं। चिकनकारी वाला सफेद रंग का सूट आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा देगा। इसके साथ अपने बालों को खुला ही रखें।

**गुलाबी रंग:** महिलाओं को पिंक या गुलाबी रंग काफी प्रिय होता है। ये हर किसी के पास होता भी है। ऐसे में आप भी अपने कलेक्शन से ऐसा गुलाबी रंग का सूट निकालकर नवरात्रि की पूजा में पहन सकती हैं। गुलाबी रंग देखने में काफी प्यारा लगता है।



**नारंगी रंग:** आप चाहें तो नवरात्रि में एक दिन इस तरह का नारंगी रंग का सूट कैरी कर सकती हैं। नारंगी रंग का सूट देखने में प्यारा लगता है। ऐसे में आप ऐसा ही नारंगी रंग का फ्रंट स्लिट वाला सूट पूजा के समय कैरी कर सकती हैं। इसके साथ अपने बालों को खुला रखकर खूबसूरत दिखें।

**नीला रंग:** पूजा में काला रंग नहीं पहना जाता है, लेकिन नीला रंग पहन सकते हैं। क्योंकि माता रानी के एक स्वरूप को नीला रंग काफी प्रिय है। इसे आप अष्टमी के दिन पहन सकती हैं। नीले रंग का सूट होता भी हर किसी के पास है।